दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन
प्रतिनिधि के रूप में काम करने
वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483,6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा मंगलवार 07 मई 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 472

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोदी सरकार से तंग-तबाह है देश की जनता', महाराजगंज से नामांकन दाखिल करने के बाद सांसद अखिलेश सिंह और महागठबंधन प्रत्याशी आकाश सिंह ने भरी हुंकार



लोक तंत्र की आवाज

**छपरा।** लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा हाई है। इसी बीच आज महाराजगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार आकाश कुमार सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं नामांकन दाखिल करने के बाद आकाश सिंह ने जीत का दावा किया है। नामांकन के बाद आकाश सिंह ने कहा कि, बड़े मार्जिन से वो चुनाव जीत रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि, राजेंद्र स्टेडियम में नामांकन सभा का आयोजन किया जाएगा।

वहीं उन्होंने जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के द्वारा उन्हें बाहरी कहे जाने पर कहा कि, वो और क्या ही कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि, सिग्रीवाल जी को जाकर मोदी से कहना चाहिए की वो क्यों गुजरात से आकर वाराणसी में चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं आकाश सिंह के साथ उनके पिता और बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने भी महाराजगंज से जीत के लिए हुंकार भरा। साथ ही आकाश सिंह के बाहरी प्रत्याशी होने के आरोप को लेकर अखिलेश सिंह ने कहा कि, बाहरी भीतरी आप लोग करते रहिए। यहां से मिथलेश तिवारी जाकर बक्सर चुनाव लड़ रहे हैं वो बाहरी नहीं हैं। लाल कृष्ण अडवाणी पैदा हुए पाकिस्तान में और हिंदुस्तान में चुनाव लड़े वो बाहरी नहीं है। मोदी से गुजरात से आकर वाराणसी में चुनाव लड़ रहे हैं वो बाहरी नहीं है।

वहीं उन्होंने कहा कि, महागठबंधन में सबठीक है। साथ उन्होंने कहा कि, महाराजगंज में बदलाव होगा। साथ ही पूरे बिहार में बदलाव का लहर है। मोदी जी को सब हटाना चाहते हैं। पीएम मोदी 10 साल में वादा खिलाफी किए हैं। लोग उससे तंगों तबाह हैं। सब चाहते हैं महागठबंधन की नतृत्व में नई सरकार स्थापित हो।

## दिल्ली में बैठा भगवान जगन्नाथ का बेटा ही करेगा काम...पीएम मोदी ने ओडिशा में भरी हुंकार, कांग्रेस और बीजेडी को घेरा

लोक तंत्र की आवाज



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच पीएम मोदी ने आज यानी सोमवार को ओडिशा के बरहमपुर में एक जनसभा को संबोधित किया और विपक्ष पर जमकर प्रहार किया. पीएम मोदी ने कहा कि ओडिशा को जल्द ही पहली बार 'डबल इंजन' सरकार मिलेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस और बीजेडी नेताओं ने ओडिशा को लूटा. ओडिशा को पहले कांग्रेस ने और फिर बीजेडी नेता ने लूटा. उन्होंने कहा, 'दिल्ली में जो भगवान जगन्नाथ का जो बेटा बैठा है न, वह जरूर काम करेगा।

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ओडिशा में इस बार 2 यज्ञ एकसाथ हो रहे हैं. एक यज्ञ देश में, हिंदुस्तान में मजबूत सरकार बनाने के लिए है. और दूसरा यज्ञ ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने का है. मैं आज ओडिशा भाजपा को बहुत-बहुत बधाई देता हूं. ओडिशा भाजपा ने, ओडिशा की आकांक्षाओं को, यहां के युवा सपनों को ध्यान में रखते हुए, यहां की बहनों-बेटियों के सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए बहुत ही विजनरी संकल्प पत्र जारी किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आप जानते हैं कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है. इसलिए, यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे. ये मोदी की गारंटी है. 4 जून पर यहां की इखऊ सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है. आज 6 मई है, 6 जून को इखढ के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा. 10 जून को भुवनेश्वर में इखढ के मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा. मैं आज सबको भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह के लिए निमंत्रण देने आया हूं।

उन्होंने कहा, 'ओडिशा में इखऊ अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं और सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है. केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपये ओडिशा को दिए. वो पैसे यहां की सरकार सही से खर्च ही नहीं कर पाई. मोदी गांव में सड़कें बनाने के लिए पैसा भेजता है, लेकिन यहां गांवों में सड़कों की हालत खराब है. मोदी दिल्ली से मुफ्त चावल के लिए पैसे भेजता है, लेकिन इखऊ सरकार इस योजना पर भी अपना फोटो चिपका देती है. आज ओडिशा में जो सरकार है, उसे महिलाओं के हितों की कोई परवाह ही नहीं है. केंद्र सरकार हर गर्भवती महिला को 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद दे रही है. आप ये जानकर हैरान रह जाएंगे कि ओडिशा सरकार ने इतनी महत्वपूर्ण और पवित्र योजना पर भी ताला लगा दिया।

## चरणजीत सिंह चन्नी के बयान पर हंगामा, पुंछ में आईएएफ काफिले पर हमले को बताया 'स्टंटबाजी'



लोक तंत्र की आवाज

**चंडीगढ़ ।** कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने रविवार को पुंछ आतंकी हमले को भाजपा को लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने के लिए किया गया एक 'स्टंट' करार दिया, जिसमें भारतीय वायुसेना के एक जवान की मौत हो गई थी और चार अन्य घायल हो गए. पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और जालंधर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार की टिप्पणी से विवाद पैदा हो गया. भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने उनके बयान को भयावह और सैनिकों के प्रति अपमानजनक बताया।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायु सेना के काफिले पर हुए हमले संबंधी एक सवाल का जवाब देते हुए, चन्नी ने कहा, ₹ये स्टंटबाज़ी हो रही है, हमले नहीं हो रहे हैं.₹ पंजाब के जालंधर में संवाददाताओं के एक सवाल का जवाब देते हुये पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ₹जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, भाजपा को जिताने के लिए ऐसे स्टंट किए जाते हैं. इसमें कोई सच्चाई नहीं है। चन्नी जालंधर सुरक्षित सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं. उन्होंने कहा, भाजपा जानती है कि लोगों के जीवन और शरीर के साथ कैसे खेलना है. अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र में मतदान से तीन सप्ताह पहले शनिवार को पुंछ जिले में आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के काफिले पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गई और चार घायल हो गए।

इस पर भाजपा नेता सिरसा ने कहा, ₹मैं चरणजीत सिंह चन्नी के उस बयान की निंदा करता हूं, जिसमें उन्होंने कश्मीर में भारतीय वायुसेना के एक जवान की शहादत को 'स्टंटबाजी' करार दिया है.₹ उन्होंने कहा, ₹कांग्रेस कह रही है कि उन्हें चुनाव के कारण शहीद किया गया। यह मानसिकता न केवल भयावह है, बल्कि हमारे देश की सेवा करने वालों के लिए अपमानजनक भी है।

## प्रियंका गांधी खुद संभालेंगी अमेठी और रायबरेली में कमान, गहलोत-बघेल को भी बड़ी जिम्मेदारी

लोक तंत्र की आवाज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के लिए इस चुनाव में अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट प्रतिष्ठा का सवाल बनी हुई है। अमेठी और रायबेरली दोनों ही सीट पर 20 मई को पांचवें चरण में मतदान होंगे। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे 4 जून को आएंगे।

कांग्रेस पार्टी की पारंपरिक सीट मानी जाने वाली अमेठी और रायबरेली को लेकर पार्टी लगातार प्लानिंग कर रही है। पार्टी ने लंबे इंतजार के बाद राहुल गांधी को रायबरेली और केएल शर्मा को अमेठी सीट से लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार घोषित किया है। आपको बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट पर राहुल गांधी की हार हुई थी। अब कांग्रेस पार्टी ने इन सीटों पर जीत के लिए खास प्लानिंग शुरू कर दी है। कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली के लिए दो राज्यों के पूर्व सीएम को भी जिम्मेदारी सौंपी है।

**गहलोत-बघेल को जिम्मेदारी :** कांग्रेस के लिए अमेठी और रायबरेली की सीट प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। पार्टी ने दो पूर्व मुख्यमंत्रियों को इन दो सीटों को पर्यवेक्षक बनाया है। अमेठी से अशोक गहलोत और रायबरेली से भूपेश बघेल को पार्टी की तरफ से पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के बीच तत्काल प्रभाव से इन दोनों नियुक्ति को हरी झंडी दी है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार की रात प्रियंका गांधी गेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी और इसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। प्रियंका गांधी पहले भी इन दो सीटों पर अपने भाई और मां के लिए प्रचार की कमान संभालती रही हैं। लेकिन सक्रिय राजनीति में आने के बाद ऐसा पहली बार होगा जब प्रियंका के कंधों पर इन दो सीटों को पार्टी के लिए जीतने की जिम्मेदारी होगी।

### प्रियंका खुद देखेंगी चुनाव प्रचार

जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस इन सीटों पर कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहती। इसलिए प्रियंका गांधी वाड्रा इस बार अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस के प्रचार की कमान खुद संभालेंगी। 18 मई तक प्रियंका सिर्फ इन्हीं दो सीटों पर फोकस रखेंगी। यानी लगभग 12 दिनों तक प्रियंका गांधी इन दो सीटों के अलावा किसी और राज्य में चुनावी प्रचार के लिए नही जायेंगी।

## चुनाव में पहले वाली लहर तो है नहीं! वेस्ट यूपी में वोटरों के दिमाग में क्या चल रहा?



लोक तंत्र की आवाज़

**आगरा।** अनूपशहर (बुलंदशहर) में गंगा किनारे से चलकर छपरौली (बागपत) के पास यमुना पुल तक जाएं या फिर आगरा की दलित बस्ती से गन्ने और आलू के खेतों से होते हुए हाथरस में हींग की खुशबू महसूस कर आइए. दिल्ली से लगे नोएडा तक आ जाइए, पर इस बार पश्चिमी यूपी में पहले वाली मोदी लहर नहीं दिखती है. हां, 2014 और 2019 से इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देती है. पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में पीएम नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व और राष्ट्रीय मुद्दे हावी थे, इस बार स्थानीय मुद्दे और कैंडिडेट की बात वापस चुनाव के केंद्र में आती दिख रही है।

ळडककी रिपोर्ट के मुताबिक आगरा के खंदौली में रहने वाले राम हरी प्रधान ने बताया कि वह एसपी सिंह बघेल (भाजपा उम्मीदवार) को वोट कर रहे हैं, पार्टी को नहीं. वह आगे कहते हैं कि अगर कैंडिडेट बघेल नहीं होते तो वह भाजपा को शायद वोट नहीं देते. प्रधान एक जाट हैं. वह कहते हैं, 'इस बार जाट वोट बंट सकते हैं क्योंकि युवा अग्निवीर योजना से काफी नाराज हैं. आप बेरोजगारी और महंगाई देखिए. सरकार ने कई वादे पूरे नहीं किए हैं। पिछले दोनों चुनावों में जाटों ने भाजपा को जबर्दस्त सपोर्ट किया था. प्रधान सेना से रिटायर हैं. अब वह खेती करते हैं. उनके दो बेटे सेना में हैं. वह कहते हैं कि मेरे गांव में 50 से ज्यादा परिवारों में रिटायर्ड लोग हैं या सेना में तैनात हैं. अग्निवीर के कारण युवा काफी दुखी हैं, गांव के जाटव सपा कैंडिडेट को वोट कर सकते हैं. उन्होंने आगे कहा, 'बीजेपी जीत सकती है लेकिन अंतर काफी कम होगा।

**हाथरस में अग्निवीर से नाराजगीः** हाथरस भाजपा का गढ़ रहा है, यहां 1991 के बाद पार्टी केवल 2009 में हारी है. काका हाथरसी की धरती पर सियासी समीकरण समझाते हुए स्थानीय पत्रकार राजदीप तोमर कहते हैं कि भाजपा के काडर में जोश कम है लेकिन कमजोर विपक्ष होने के नाते भाजपा को फायदा हो सकता है. हालांकि मार्जिन भी कम जरूर हो सकता है. तोमर ने यह भी कहा कि फ्छऊके साथ गठबंधन ने जाट वोटरों को भाजपा से पूरी तरह दूर जाने से रोक दिया. तोमर ने कहा कि पुरानी पीढ़ी भाजपा को वोट करेगी जबकि अग्निवीर स्कीम से नाराज युवा सपा को वोट दे सकते हैं। पहले चरण के लोकसभा चुनाव में बागपत में कुछ अलग सेंटिमेंट्स देखे गए थे. कई RLD वोटरों ने कहा था कि वे सिर्फ आरएलडी के कारण एनडीए को वोट कर रहे हैं, बाकी वे सरकार की नीतियों से खुश नहीं हैं. पिछली बार वेस्ट यूपी में कुछ जगहों पर रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी लेकिन इस बार काफी कम मतदान हुआ है।

### आगरा के मुस्लिम किधर जाएंगे?

आगरा के रेहड़ी-पटरी वाले चमन उस्मानी ने कहा कि मुस्लिम वोटर इंडिया गठबंधन को वोट करेगा। टेढ़ी बगिया में जाटव आबादी भी अच्छी खासी है. फल विक्रेता पप्पू कहते हैं कि इस बार जाटव वोट बंटेगा. उन्होंने कहा, 'समुदाय अब भी यह आकलन कर रहा है कि कौन सा कैंडिडेट भाजपा को हराएगा और उसी हिसाब से वोट किया जाएगा.' इस बार सपा और बसपा दोनों कैंडिडेट जाटव हैं। परिसीमन से पहले 2004 और 2009 में सपा के टिकट पर राज बब्बर जीते थे. मुस्लिम सपा के साथ और जाटव बसपा के साथ गया तो यह सीट बीजेपी के पाले में चली गई. इस बार कुछ जाटव वोट कैंडिडेट की इमेज के कारण सपा के साथ जा सकते हैं।

## इजराइल ने हमास को खत्म करने का बनाया प्लान

लोक तंत्र की आवाज

**यरुशलम।** इजराइल ने रफह पर हमला करने की पूरी तैयारी कर ली है। इजराइली सेना ने फलस्तीनियों को पूर्वी रफह क्षेत्र खाली करने के लिए कहा है। इजराइली सेना के इस कदम से संकेत साफ हैं कि जल्द ही रफह पर जमीनी हमला हो सकता है। इजराइली सेना के एक बयान के अनुसार, लोगों से कहा गया है कि वो तट के पास इजराइल की ओर से घोषित मानवीय क्षेत्र मुवासी में चले जाएं। सेना की ओर से कहा गया है कि उसने मानवीय क्षेत्र में अस्पताल, तंबू, भोजन और पानी सहित सहायता का इंतजाम किया है।

**तैयार है इजराइल का प्लान :** इजराइल की तरफ से यह कदम उस वक्त उठाया जा रहा है जब संघर्ष विराम वार्ता पर संकट साफ नजर आ रहा है। ऐसे में आशंका इस बात की और बढ़ जाती है कि इजराइल जल्द ही रफह पर जमीनी हमला करेगा। इजराइल पहले ही बचे हुए हमास आतंकवादियों को खत्म करने का संकल्प जता चुका है। नजर भी आ रहा है कि इजराइल अपने मंसूबों को पूरा किए बिना रुकने वाला नही है।

**हमास ने किया हमलाः** रविवार को इजराइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने दावा किया कि हमास किसी समझौते को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने निकट भविष्य में रफह में शक्तिशाली सैन्य अभियान चलाए जाने की चेतावनी दी। उनकी यह टिप्पणी तब आई जब हमास ने रविवार को इजराइल के मुख्य क्रॉसिंग पॉइंट पर हमला किया था, जिसमें तीन सैनिक मारे गए थे।

**इजराइल का एक्शन :** हमास ने इजराइल पर पिछले साल सात अक्टूबर को हमला किया था जिसके बाद इजराइली बलों ने आतंकी समूह के खात्मे को लेकर जवाबी कार्रवाई शुरू की थी। इजराइल और हमास के बीच जंग में अब तक करीब 34 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 75 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं। फिलहाल जंग जारी है।

### अब किसी भी वक्त शुरूहो सकता है एक्शन



### इजराइल ने किया हवाई हमला

_इस बीच यहां बता दें कि, इजराइल की ओर से दक्षिण लेबनान के माएस अल जबल शहर में भीषण हवाई हमले किए गए हैं। इन हमलों में चार नागरिकों की मौत हो गई है, कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। इजराइल की तरफ से हवाई हमले तब किए गए जब हमास ने लेबनान-इजराइल सीमा के पास इजराइली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए कम से कम 10 हमले किए।

## अनंत सिंह के पैरोल पर बयानबाजी तेज, तेजस्वी बोले- 'हमारी पार्टी में अपराधी थे, जदयू में जाते ही संत हो गए

लोक तंत्र की आवाज



**दरभंगा।** अनंत सिंह के पैरोल पर बाहर निकलते ही सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। बिहार के बाहुबली नेता और मोकामा के पूर्व विधायक आज पैरोल पर रिहा हुए हैं। अनंत सिंह को पैरोल मिलने पर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एनडीए गठबंधन पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि जब तक अनंत सिंह हमारे साथ थे, तब तक वे अपराधी थे। अब, अनंत सिंह जनता दल यूनाइटेड में चले गए हैं, तो संत हो गए हैं।

**अटल बिहारी वाजपेयी की बात मान लेते-तेजस्वीः** दरभंगा में चुनावी जनसभा के दौरान गोधरा कांड को लेकर लालू यादव पर किए गए कटाक्ष पर पलटवार करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि गोधरा कांड में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किस पर गुस्सा निकाला था। अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि राजधर्म का पालन करो।तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर चुटकी लेते हुए कहा कि कम से कम हमारी बात नहीं तो, अटल बिहारी वाजपेयी जी की बात को मान लें। तेजस्वी यादव ने कर्नाटक में रेवन्ना मामले का जिक्र किया और कहा कि कर्नाटक में जाकर प्रधानमंत्री मोदी बलात्कारी के समर्थन में बोले, जिसने तीन हजार लोगों का शोषण किया था।

**15 दिनों के पैरोल पर रिहा हुए अनंतः** बता दें कि राज्य सरकार के गृह मंत्रालय ने अनंत सिंह को 15 दिनों की पैरोल पर रिहा करने का निर्देश दिया है। ऐसे में मुंगेर सीट पर मतदान से पहले अनंत सिंह का जेल से बाहर आना बेहद अहम माना जा रहा है।

## झारखंड में टेंडर घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई मंत्री के पीए के नौकर के घर से करोड़ों बरामद

लोक तंत्र की आवाज



**रांची।** झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्रालय में टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ईडी बड़ी कार्रवाई कर रही है. इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था. जिसके बाद PMLA के तहत 6 ठिकानों पर छापेमारी की गई है. साथ ही झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम गिर के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू नौकर के परिसरों की तलाशी ली गई है. झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के सहायक के ठिकाने से केंद्रीय जांच एजेंसी एऊने करीब 30 करोड़ नकद बरामद किये हैं।

सुबह शुरू हुई ईडी की रेड फिलहाल जारी है और पैसों की गिनती भी जारी है. एजेंसी के अधिकारी नोट गिनने की मशीन से बरामद रूपयों की गिनती कर रहे हैं. मंत्री आलमगीर आलम ने कहा इससे मेरा कुछ लेना देना नही है. इस मामले में कई अधिकारी नेता और बिजनेसमेन जांच के घेरे में है. ईडी ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को फ़रवरी 2023 में कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। ईडी की टीम ने फरवरी 2023 में ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में छापेमारी की थी और उन्हें गिरफ्तार किया था. वीरेंद्र राम अभी भी जेल में बंद हैं. आज की छापेमारी उसी मामले की जांच का विस्तार बताया जा रहा है. रांची की सेल सिटी में इंजीनियर विकास कुमार के आवास समेत शहर में बरियातू, मोरहाबादी और बोड़ेया में कुल नौ ठिकानों पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पुराने मामले में एक वांछित आरोपी गिरफ्तार,भेजे गए जेल

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के भड़रा से पीटीसी जय प्रकाश चौधरी ने पुराने मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि रजौली थाना काण्ड 321/20 के एक नामजद आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान भड़रा गांव निवासी घुटर यादव के बेटे दिनेश यादव के रूप में हुई है। गिरफ्तार व्यक्ति का अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करवाकर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### प्रत्येक सोमवार और मंगलवार को जन सुनवाई कर समस्याओं का करें समाधान–डीएम



धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट
नवादाः प्रशांत कुमार सी.एच. नवादा द्वारा सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/निरीक्षक के लिए आदेश निर्गत किया गया है कि प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार को अपने–अपने मुख्यालय में उपस्थित रहकर जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और बेहतर तरीके से आमजनों तक पहुंचाने एवं उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए अपने–अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर कार्यों का निष्पादन करेंगे। प्रायः शिकायतें मिलती है कि संबंधित प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/निरीक्षक प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक सोमवार और मंगलवार को कार्यालय में उपस्थित रहने संबंधी साक्ष्य के रूप में सेल्फी फोटो (तिथि एवं समय अंकित) खिंच कर जिला आपूर्ति परिवार, नवादा के व्हाट्सएप ग्रुप में भेजना सुनिश्चित करेंगे।इसकी जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

### सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल, सदर अस्पताल रेफर



सुनील कुमार
नवादा : नवादा में टेंपो और मोटरसाईकिल सवार की जोरदार टक्कर हो गयी ,जिसमें मोटरसाईकिल सवार बुरी तरह से जख्मी हो गया। जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से अकबरपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया । गम्भीर रूप से जख्मी युवक की हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। यह घटना सोमवार की सुबह अकबरपुर थाना क्षेत्र के पिरौटा मोड़ के समीप हुई ह। सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अकबरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। बताया जाता है कि सोमवार सुबह 08 बजे तेलभ्रदरो टोला नन्दाडीह निवासी मुंशी यादव का पुत्र संदीप कुमार कुछ जरूरी कार्य के लिए अकबरपुर बाजार आ रहे था, तभी पिरौटा मोड़ के आगे पानी का टेंपो मोड़ने के क्रम में मोटरसाइकिल से जबरदस्त टक्कर हो गया। जिसमें संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया है।

# जहानाबाद में जनता–जनार्दन एवं कार्यकर्ताओं का एनडीए के प्रति ये स्नेह अद्वितीय है– डॉ.चन्दन यादव

**इस बैठक में मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय जीतनराम मांझी सहित जहानाबाद के सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी जी उपस्थित रहें**

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** जहानाबाद लोकसभा के अतरी विधानसभा की एनडीए बैठक एक निजी हॉल में जनता दल यूनाइटेड,बिहार के प्रदेश सचिव सह अतरी विधानसभा प्रभारी डॉ. चन्दन यादव के देख–रेख में सम्पन हुआ है, इस बैठक में मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय जीतनराम मांझी सहित जहानाबाद के सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी जी उपस्थित रहें, इस मौके पर पुर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी एवं एनडीए प्रत्याशी श्री चंद्रवंशी का सभी एनडीए कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया है । एनडीए प्रत्याशी चंद्रवंशी ने उपस्थित सभी एनडीए कार्यकर्ताओं का भी स्वागत किया एवं कहा कि पिछले पांच सालों में मेरा अथक प्रयास रहा हैं कि हम अपने संसदीय क्षेत्र जहानाबाद को सभी क्षेत्रों से सुंदर बना सकें और इसके लिए मैंने कई सकारात्मक कार्य किये है, आज जहानाबाद में चारों तरफ़ अमन–चैन और भाईचारे का माहौल है एवं कई बड़े विकासात्मक कार्य भी हो रहें यह सब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी एवं बिहार में बिहार के निर्माता नीतीश कुमार का देन है, इसे बरकरार रखने के लिए देश में मजबूत सरकार देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पुनः स्थापित हो करना होगा और यह आप सभी के संयुक्त प्रयास और आशीर्वाद से संभव है । वही कार्यक्रम में उपस्थित अतरी विधानसभा प्रभारी डॉ.चन्दन यादव ने कहा कि एनडीए के पास ₹नेता है, नेतृत्व है और जन सेवा का नियति है₹ वही दूसरे तरफ न नेता का पता है ना नेतृत्व का और नियति तो पूरा देश देख चुका है कि जब – जब जनता ने उन्हें मौका दिया है तो देश और राज्य को आपसी विवाद और आर्थिक संकट में धकेलने का काम किया गया है,सत्ता उनके लिए बस धनोपार्जन का जरिया है और अपने परिवार को सदन तक पहुंचाने का साधन।

डॉ. यादव ने कहा कि आज देश और राज्य मजबूत हाथों में है और तेज़ी के साथ आपसी भाईचारे के साथ सब के साथ – सब को न्याय के साथ विकास और सब के विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और कुछ लोगों का दुकान बंद होता दिख रहा है इसलिए उन भ्रष्टाचारियों में भय का माहौल है और वो किसी भी प्रकार से झूठ और अनर्गल बात कर के सत्ता में आना चाहते है और देश को पुनः घोटाले के दौर में और राज्य को 90वें के दशक में ले जाना चाहते है, मगर अब देश की जनता के साथ–साथ राज्य की जनता भी सजग है और जिसप्रकार से पूर्व के चुनाव में जवाब देते आ रही है इस बार और मजबूती से जवाब देगी यह ये बैठक से तय हो गया है, यादव ने कहा कि पूरे जहानाबाद में जनता–जनार्दन और कार्यकर्ताओं का एनडीए के प्रति को स्नेह है वो अद्वितीय है और इस बार सभी ने मिल कर तय कर दिया है कि बिहार में 40 और देश में 400 से अधिक सीटे जीता कर देश में एक मजबूत सरकार बनाना है ।वही कार्यक्रम में मुख्यातिथि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी मे मगही में अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव देश को मजबूत करने वाला चुनाव है, हम सभी मिल कर चुनाव में आये है और सभी जगह सब का स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है । मांझी कहा कि आप इस बात से अंदाजा लगा लीजये की देश में 20 हुआ उसमें भाग लेने के लिए कई देशों के प्रधानमंत्री और कई लोगों और मगर अपने देश के प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तित्व ऐसा है कि सभी लोग इनका सम्मान करते है और इनके प्रति आदर का भाव रखते है बल्कि मैन देखा कि इनको पैर छू कर भी प्रणाम किया गया है, वही मांझी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि प्रधानमंत्री मोदी गया आये थे तो क्या कहें थे कि यहाँ मांझी चुनाव नहीं लड़ रहे हम लड़ रहे है वैसे ही जहानाबाद में चंदेश्वर बाबू चुनाव नहीं लड़ रहे मोदी जी लड़ रहे है, हम लड़ रहे है इनको जीतिए और जो इनसे होगा ये करेंगे बाकी और कुछ रहेगा तो हम करे देंगे हमको भी तो नीतीश जी ने बहुत कुछ दिया है । मांझी ने सभी कार्यकर्ताओं से समन्वय बना कर 9 मई को जहानाबाद गांधी मैदान में नामांकन सभा में आने का अनुरोध किया एवं कहा कि नामांकन से आइए और सब लोग लग कर इनको जीत कर सदन में भेज दिजीए ।एनडीए बैठक में जनता दल यूनाइटेड,बिहार के महासचिव और जहानाबाद लोकसभा के प्रभारी अरुण कुमार, पूर्व विधानपरिषद मनोरमा देवी, पूर्व विधायक कृष्ण नंदन यादव, जदयू सह लोकसभा प्रभारी विद्यानंद विकल, बीजेपी जिला प्रभारी राजेश कुशवाहा,बीजेपी प्रभारी विजय सिंह, जदयू विधानसभा प्रभारी रविन्द्र पासवान, बंटी चंद्रवंशी,जदयू अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद,लोजपा अध्यक्ष दिलीप सिंह,हम(से) प्रभारी सागर मांझी, जहानाबाद के वरिष्ठ जदयू नेता राजू शर्मा सहित बीजेपी–जदयू–लोजपा–हम(से), रालोसपा के सभी मंडल एवं प्रखंड अध्यक्ष, प्रभारी गण एवं बड़ी संख्या में एनडीए के साथयों अति पिछड़ा अध्यक्ष विनोद कुमार कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, बैठक की अध्यक्षता बीजेपी खिजरसराय दक्षणी मंडल अध्यक्ष दया शंकर एवं संचालन जदयू खिजरसराय के अध्यक्ष पिंकी कुमारी ने किया हू।

### सिपाही बनने का सपना रहा अधूरा , फिजिकल तैयारी में जुटी किशोरी का दुपट्टे से फांसी लगकर हुआ मौत सिपाही बनने का सपना रहा अधूरा फिजिकल तैयारी में जुटी किशोरी का दुपट्टे से फांसी लगकर हुआ मौत

लोक तंत्र की आवाज़



**सुनील कुमार**
**नवादा** । नवादा में 13 वर्षीय एक किशोरी का शव दुपट्टे से फांसी लगकर झूलता हुआ पुलिस ने बरामद किया है , जिसे पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं परिवारजनों ने कहा कि यह एक दुर्घटना हुआ ,जिससे किशोरी को उसी के दुप्पटा से फांसी लगा और मौत हो गया । हालांकि पूरा मामला जांच का विषय है । बता दें कि यह वाक्या नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र के गारो बीघा गांव में हुई है ,जहां फांसी के फंदे से लटका एक किशोरी का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव मिलते ही इलाके सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र के छोटकी अम्मा गांव निवासी धर्मेंद्र पांडेय की 13 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी के रूप में किया गया है। परिजनों ने बताया कि प्रिया नानी घर गारो बीघा में रहकर पढ़ाई करती थी और वह बिहार पुलिस की तैयारी भी कर रही थी।बताया गया है कि प्रतिदिन वह सुबह में फिजिकल की तैयारी के लिए दौड़ती थी। इसी बीच आज सुबह बिम्ब मारने के दौरान दुपट्टे से उसे फांसी लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला संदिग्ध है ,मामले का जांच किया जाएगा । बहरहाल शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पूरे मामले की जांच की जाएगी । इधर ग्रामीणों द्वारा घटना को लेकर कई चर्चाएं की जा रही है । कोई इसे प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रहे हैं ,तो कोई परिजन द्वारा प्रताड़ित करने की बात कह रहे हैं। पुरा मामला जांच का विषय है।

## नवादा के एक मकान एवं एक दुकान में लगी आग ,दो स्कूटी समेत लाखों की संपत्ति जलकर राख

लोकतंत्र की आवाज़



**सुनील कुमार**
**नवादा ।** नवादा में रविवार की देर रात एक मकान में आग लग गयी और देखते हीं देखते आग विकराल रूप ले लिया। आगलगी की घटना में दो स्कूटी समेत लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया। रात्रि में हुई घटना के बाद आग जब बेकाबू हुआ तो स्थानीय लोगों दमकल को फोनकर सूचना दिया। दमकलकर्मी घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ,तबतक सबकुछ खाख हो चुका था। आगलगी के कारणों का पता नहीं चल सका है।यह घटना नवादा शहर के नीम टोला देवी स्थान के पास हुई , जहां दांत रोग विशेषज्ञ डॉ .नीरज कुमार के घर में अचानक आग लग गयी। आग इतना भयावह थी कि देखते हीं देखते घर में लगी दो स्कूटी ,घरेलू समान सारा समान में पकड़ लिया । जिससे लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया।घटना के वक्त पूरा परिवार घर के ऊपरी छत पर सो रहे थे, धुंआ उठा तो घरवालों को आग लगने की भनक लगी। आनन –फानन सभी ने किसी प्रकार खुद को बचाकर भाग निकले। स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए और सब मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग विकराल रूप ले चुका था ,तब लोगों ने फोनकर दमकल को सूचना दिया .सूचना के बाद पहुंची दमकल टीम घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। बताया गया है कि आगलगी के बाद घर का सारा समान जलकर राख हो गया ।बताया गया है कि रविवार के रात्रि में हीं चिकित्सक डॉ . नीरज कुमार के मेन रोड स्थित दुकान में भी आग लग गया ,जहां मामूली नुकसान के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। उनके घर में हुई आगलगी की घटना में किसी को हताहत होने की सूचना नहीं है। आगलगी में कितने रुपये की संपत्ति जली है यह आकलन अभी नहीं किया गया है। आगलगी के घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।हालांकि एक हीं रात अलग –अलग रहे घर दुकान में आग लगने की घटना के बाद लोग हतप्रभ है। कोई इसे टोना – टोटका तो दैविक घटना बता रहें हैं।

## 120 घंटा के अंदर पुलिस ने चोरी हुई जेसीबी की बरामद

लोक तंत्र की आवाज़



**नारदीगंज(नवादा) ।** थाना क्षेत्र के कहुआरा भट्ट बिगहा सड़क के किनारे से चोरी हुई जेसीबी मशीन को पुलिस बरामद करने में सफल हो गई। वहीं इस कांड में संलिप्त तीन बदमाशों को भी गिरफ्तार किया गया एवं घटना में संलिप्त कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया। इस संबंध में सोमवार को नारदीगंज थाना में सदर एसडीपीओ सुनील कुमार ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल की रात्रि को करीब 12 बजे अज्ञात बदमाशों के द्वारा नारदीगंज थाना अंतर्गत कहुआरा गांव के समीप सड़क के किनारे लगे दीपक कुमार का जेसीबी को चोरी कर लिया गया। इस संबंध में नारदीगंज थाना कांड संख्या 113/24,दिनांक–01.05.24 धारा –379 भा0 द0 वि0 दर्ज किया गया। जैसी भी चोरी होने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला डी0आई0यू0 की तकनीकी सहायता एवं स्थानीय स्तर से आसूचना संकलन कर छापेमारी करते हुए इस घटना में शामिल तीन बदमाश प्रमोद चौहान पिता साधु चौहान, बालकरण कुमार पिता सत्येन्द्र चौहान गांव धीरा बिगहा, थाना टेहटा, जिला जहानाबाद एवं प्रिंस कुमार पिता सुदर्शन कुमार गांव सुखदेव बिगहा, थाना काको, जिला जहानाबाद को गिरफ्तार किया गया है । इन सभी से पूछताछ करने के उपरांत इनकी निशानदेही पर काको थाना अंतर्गत के ग्राम– रेमा स्थित नहर के किनारे से जेसीबी को बरामद किया गया है। इन सभी के द्वारा इस घटना में प्रयुक्त किए गए वाहन कार को भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुसंधान एवं पूछताछ में यह बात प्रकाश में आई है कि इस घटना को सुनियोजित तरीके से कुल 6–7 बदमाशों के द्वारा अंजाम दिया गया है। इस घटना में संलिप्त अन्य चार बदमाश की पहचान कर गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। शीघ्र ही इन सभी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार बदमाशों में प्रमोद चौहान एवं बालकरण कुमार दोनों पूर्व में भी नारदीगंज थाना कांड संख्या –306/23 ,दिनांक 29– 08 23 ,धारा 393 /414 भा0द0वि0 एवं 25(1–बी)ए/26/35 शस्त्र अधिनियम में जेल जा चुके हैं यह दोनों मसौढ़ी थाना कांड संख्या 253/21,दिनांक–30.05.21,धारा–395/397भा0द0वि0 के अलावे मखदुमपुर थाना कांड संख्या–03/23,दिनांक–01.01.23धारा–379 भा0द0वि0 में भी यह दोनों जेल जा चुके हैं।

## श्रीसीताराम महायज्ञ में राम विवाह की कथा में खूब झूमे श्रोता

लोक तंत्र की आवाज़



**नरहट (नवादा) ।** गंगारामपुर गांव में आयोजित श्री सीताराम महायज्ञ में तीसरे दिन सोमबार को संध्या कथा प्रवचन करते हुए पूज्य श्री राजन जी महाराज ने शिव विवाह के बाद भगवान श्री राम जी का विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को राम विवाह के एक एक प्रसंग को बताते हुए लक्ष्मण जी का नगर भर्मण, धनुष्य यज्ञ आदि की संगीतमय कथा सुना कर श्रोता भाव विभोर हो गए। पूज्य राजन जी महाराज ने कहा कि राजा जनक के घर में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था जिसे एक दिन सीता जी ने घर की सफाई करते हुए उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को बहुत आश्चर्य हुआ क्योंकि वह धनुष कोई उठा नहीं सकता था। उसी समय राजा जनक ने प्रतिज्ञा ली कि जो इस धनुष पर प्रंगा चढ़ाएगा उसी से मेरी पुत्री सीता का विवाह होगा। राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर के लिए धनुष यज्ञ का आयोजन किया तो सीता स्वयंवर में राजा ने बड़े–बड़े राजाओं को निमंत्रण पत्र भेजा। कई देश देशांतर के राजा गंधर्व और यहां तक की राक्षस भी मनुष्य का रूप धारण करके स्वयंवर में आए। राजा जनक जी ने उपस्थित राजाओं को सुनाया की जो भी राजा शिव धनुष को तोड़ेगा उसी के साथ अपनी पुत्री सीता का विवाह करूंगा। सीता स्वयंवर में पहुंचे राजाओं ने शिव धनुष को तोड़ने की खूब जोर खूब जोर आजमाइश की लेकिन शिव धनुष स्टेटस एसएमएस नहीं हुआ। यह देख राजा जनक को चिंता सताने लगी उन्होंने कहा कि यह धरती वीरों से खाली है जो कोई भी राजा शिव धनुष को भंग कर सका। राजा जनक जी की चुनौती पूर्ण बात सुनकर गुरु सहित राजकुमार लक्ष्मण उठे, ऋषि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर रामचंद्र जी उठे और बिजली की चमक की तरह पल मात्रा में शिव धनुष को पकड़ते हैं, शिव धनुष टूट जाता है। शिव के धनुष होते ही आकाश से देवगन पुष्प वर्षा करते हैं। साथ ही चारों ओर जयकार होने लगती है। सीता का विवाह राम के साथ करते हैं। सीता जी की श्री राम के गले में जयमाला डालते हैं। इस दौरान कथा पंडाल में जय श्री राम के नारे गूंजते रहता है और राम विवाह के मंगल गीत गाए गए। पूज्य राजन जी महाराज ने कहा कि मनुष्य के पास जितनी भी व्यस्तता हो भोजन के लिए समय निकाल लेता है उसी तरह आप कितना भी व्यस्त क्यों न हो भजन के लिए समय जरूर निकालें। कथा श्रवण के लिए काफी भीड़ उमड़ रही है। कथा के बाद 9 बजे रात्रि से रासलीला का मंचन किया जा रहा है। कथा का आयोजन 10 मई तक होगा।

## नवादा में अज्ञात वाहन ने स्कार्पियो में मारी जोरदार टक्कर ,स्कार्पियो सवार चालक की हुई मौत

लोक तंत्र की आवाज़



**सुनील कुमार**
**नवादा ।** नवादा में विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने स्कार्पियो में जोरदार टक्कर मार दिया ,जिससे स्कार्पियो सवार चालक की मौत हो गयी। वहीं इस दुर्घटना में दो अन्य लोग भी जख्मी हो गए हैं । जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया ,वहीं घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है।घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। यह घटना नवादा जिले में गोविंदपुर थानाक्षेत्र के माधोपुर गांव के समीप किसान भट्ठा के हुआ , जहां विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने स्कार्पियो में जोरदार टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में माधोपुर ग्राम निवासी स्कार्पियो चालक चंदन कुमार की मौत हो गयी ,वहीं दो उनके अन्य साथी जख्मी है। बताया गया है कि चंदन घर का कमाऊ पुत्र था जिसके कमाई से घर –परिवार चलता था। दुर्घटना के बाद मृतक अपने दो बच्चे ,पत्नी और पुरा परिवार छोड़कर चला गया। परिवारजनों का रो – रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र के माधोपुर ग्राम से स्कार्पियो पर सवार ड्राईवर समेत तीन लोग सवारी लाने के लिए थाली गांव जा रहा था। ज्योंही माधोपुर से स्कार्पियो निकली और माधोपुर से एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित किसान भट्ठा के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी , स्कार्पियो चालक की मौत हो गया ,वहीं स्कार्पियो सवार दो अन्य लोग भी जख्मी हो गया। दोनों जख्मी इलाजरत है । बताया गया है कि दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन फरार हो गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

## तीन बच्चों की मां को चढ़ी प्यार का नशा ,तो बच्चों के साथ रुपए और गहने लेकर आशिक के साथ हुआ फरार

लोक तंत्र की आवाज़





**सुनील कुमार**
**नवादा ।** नवादा में एक विवाहिता अपने पति को धोखा देकर अपने आशिक के साथ अपने तीन बच्चों को लेकर व ससुराल से नगदी एवं जेवर लेकर भाग आयी थी .वह कम उम्र के अपने प्रेमी साथ नवादा में डेरा लेकर रहने लगी। लेकिन तीन–तीन बच्चों की माँ अपने पति को छोड़ कर अपने से कम उम्र के लड़के के साथ भाग जाती है, तो मामला केवल आशिकी का नहीं रह जाता है। बल्कि इसके पीछे दमन उत्पीड़न के भी कई किस्से हो सकते हैं । नवादा नगर थाना में आशिकी का ऐसा ही मामला सामने आया है ,जिसको पता करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है । बिहार के आरा जिले का एक लड़का जितेंद्र पाठक विगत 10 दिनों से अपने बीबी बच्चों की खोज में लगा हुआ था । बता दें कि आरा जिले के मुफस्सिल थाना में इस बाबत सूचना भी दे दी गई थी । मोबाइल लोकेशन के आधार पर कल जितेंद्र पाठक नामक व्यक्ति नवादा पहुंचे औरअपनी पत्नी की खोजबीन शुरू कर दी । सोमवार को भगत सिंह चौक के पास अपने बच्चों को स्कूल से आते हुए देख दोनों बच्चे को अपने कब्जे में ले लिया और इसकी सूचना नवादा पुलिस को दी । नवादा पुलिस ने जल्द ही तीसरे बच्चे को भी ढूंढ लिया और उसी की निशानदेही पर मंगर बिगहा स्थित यूको बैंक बिल्डिंग के सामने की गली में एक घर से माँ को भी बरामद कर लिया और थाना ले जाकर दोनों से पूछ–ताछ शुरू कर दिया । इस संदर्भ में जितेंद्र का कहना है कि पवन मुस्कान नामक किसी लड़के के साथ मेरी पत्नी भाग आई है और साथ में तीनों बच्चों को ले आई है । उसने बताया कि मेरी पत्नी का चक्कर इसी पवन मुस्कान के साथ चल रहा था और मौका मिलते ही तीन लाख रूपये का जेवरात और 45 हजार रूपये नगद लेकर उसके साथ भाग आई है । जितेंद्र पाठक का एक साढू नवादा जिले के पाली गाँव के रहने वाले हैं जिन्होंने घटना की पुष्टि मौका–ए–वारदात पर की है । बात चीत के क्रम में इस बात का भी खुलासा हुआ कि जितेंद्र और रिंकी का अंतर्जातीय विवाह धोखे से किया गया था । जितेंद्र पाठक ने बताया कि अगुआ ने झूठ बोलकर हमारी शादी दूसरी जाति की लड़की से करवा दी थी किन्तु हमलोग पति पत्नी बिना किसी भेदभाव के साथ रह रहे थे । इधर एक साल से पवन मुस्कान का आना जाना मेरे घर में होता था तो पत्नी कहती थी कि यह मेरे बेटे जैसा है इसलिए इसपर शक नहीं कीजिये । अंत में ये लोग लाखो की संपत्ति लूट कर भाग आये हैं । हालांकि लड़की का कोई भी व्यान सामने नहीं आया है किन्तु वह बार बार यही कह रही थी कि चाहो तो मुझे गोली मार दो किन्तु मैं इसके साथ नहीं रहूंगी । बहर–हाल पुलिस अनुसन्धान जारी है और आरा पुलिस की पहल भी शीघ्र होने वाली है ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भाजपा सासंद कमलेश पासवान का ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर जमकर विरोध



घनश्याम तिवारी
देवरिया – सोमवार को तहसील क्षेत्र भलुअनी के ग्राम सभा मरकडा में भाजपा सासंद कमलेश पासवान का ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर जमकर विरोध किया। मड़कडा गाँव की जनता ने सांसद से कहा कि रोड नहीं तो वोट नहीं। मड़कडा ग्राम सभा मे जा रहे सांसद कमलेश पासवान को गाँव के लोग ने गाव में घुसने नहीं दिया। इस प्रकार भाजपा सांसद प्रत्याशी कमलेश पासवान मड़कडा सड़क से ही वैरग वापस लौट गए।मड़कडा ग्रामसभा की जनता ने भाजपा सांसद का विरोध करते हुए कहा कि जब चुनाव आया है तो आप आये हैं, आज ये सड़क करूअना से लेकर मगहरा ,सलेमपुर तक जर्जर हालत में पड़ा हुआ है, लेकिन आपने कभी इसकी सुधि नही ली, अतः रोड नही तो वोट नहीं। ग्रामीणों ने मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान बरहज विधायक शाका मिश्रा के साथ अनेको कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## बलिया : किशोरी से दुष्कर्म

घनश्याम तिवारी
बलिया : रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दुष्कर्म पीड़िता की हालत नाजुक बताई जा रही है। उसका उपचार चल रहा है। उधर, पुलिस ने आरोपी युवक के साथ ही पीड़िता की सहेली के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा वादी के मुताबिक, पीड़िता कोचिंग में पढ़ने के लिए गई थी। वहां से लौटते वक्त एक लड़की (तहरीर में नामजद) ने पीड़िता से कहा कि मेरे घर पर जन्मदिन का फक्शन है, चलो मेरे घर चलो। उसके कहने पर पीड़िता उसके घर चली गयी। वहां जाने के बाद साजिश के तहत आरोपित लड़की ने पीड़िता को कोई नशीला पदार्थ खिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गयी। आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया। इसके पश्चात रक्तश्राव की वजह से पीड़िता की तबीयत खराब होने लगी तो आरोपित उसे लेकर निजी अस्पताल में गये। वहां हालत में सुधार न होता देख आरोपित लडकी पीड़िता को लेकर उसके घर आटो से गयी। पूछताछ में आरोपित लड़की ने सबकुछ पीड़िता के परिजनों को बताया। तत्पश्चात 112 नम्बर पुलिस को बुलाया गया तो पीड़िता को बलिया अस्पताल ले जाया गया। बलिया से पीड़िता को आजमगढ़ रेफर कर दिया गया, लेकिन आजमगढ़ द्वारा पुलिस केस बताकर पुनः बलिया रेफर कर दिया गया, जहां पीड़िता का इलाज चल रहा है।

### बसपा ने जारी की प्रत्याशियों की 13वीं लिस्ट; बस्ती, जौनपुर लोकसभा और दुद्धी विधानसभा सीट के उम्मीदवार घोषित किया



विनय
लखनऊः बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने सोमवार को लोकसभा प्रत्याशियों की 13वीं सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के प्रत्याशी का भी नाम शामिल है। बसपा ने बस्ती लोकसभा सीट पर लवकुश पटेल और जौनपुर से श्याम सिंह यादव को प्रत्याशी बनाया है। वहीं दुद्धी विधानसभा सीट पर होने उपचुनाव के लिए रवि सिंह खरवार को प्रत्याशी बनाया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने सोमवार को लोकसभा प्रत्याशियों की 13वीं सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के प्रत्याशी का भी नाम शामिल है। बसपा ने बस्ती लोकसभा सीट पर लवकुश पटेल और जौनपुर से श्याम सिंह यादव को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, दुद्धी विधानसभा सीट पर होने उपचुनाव के लिए रवि सिंह खरवार को प्रत्याशी बनाया है।

# बलिया : जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

लोकतंत्र की आवाज़

**रवींद्र कुमार ने प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर अंतिम रूप से सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए**



घनश्याम तिवारी
**बलिया ।** भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2024 के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर–71 और लोकसभा क्षेत्र बलिया–72 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर अंतिम रूप से सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रभारी अधिकारियों से आदर्श आचार संहिता का पूर्णता से पालन कराने का निर्देश दिया।उन्होंने मैनपॉवर, कार्मिक, प्रशिक्षण, डाक मत पत्र, यातायात, पोस्टल बैलेट, लेखा सामग्री, पोलिंग पर्सनल, आब्जर्वर ,स्वीप कार्यक्रम, कंट्रोल रूम, एम ?सीएमसी, वेब–कास्टिंग, सीसीटीवी सहित अन्य बिंदुओं पर गहनता से समीक्षा कर प्रभारी अधिकारियों से अब तक पूर्ण की गई तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता/शिथिलता को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा। कोई भी त्रुटि मान्य नहीं होगी। जिसको जो उत्तरदायित्व दिया गया है उससे संबंधित आयोग की गाइड या हैंडबुक का गहनता से अध्ययन कर लें। कहा कि सभी नोडल अधिकारियों पर अपनी पूरी टीम का मार्गदर्शन करने, नियंत्रित करने और आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यों को संपन्न कराने का उत्तरदायित्व होगा।सभी अधिकारी अपने–अपने दायित्वों का सकुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे, ताकि जनपद में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को स्वतंत्र निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि समस्त अधिकारी चुनाव के दौरान प्राप्त होने वाले निर्देशों का शत शत प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे।इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज,सीआर?ओ त्रिभुवन, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दूबे,डीएस?ओ रामजतन यादव, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी,प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी अखिलेश यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चोरी की तीन बाइक के साथ दो गिरफ्तार




लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
**बलिया ।** जिले भर मे अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने हेतु पुलिस अधीक्षक के देवरंजन बर्मा द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को पकड़ी पुलिस ने चोरी की तीन बाइकों के साथ दो लोगो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को प्रभारी निरीक्षक पकड़ी राजेन्द्र प्रसाद सिंह अपने हमराहियों के साथ वांछित अभियुक्तों की तलाश के साथ वाहनों की बीराभाँटी गाँव के पुलिया के पास चेकिंग कर रहे थे।इसी बीच मुखबिर मिली सूचना के आधार पर बाइक से आ रहे दो युवकों को रोककर पूछताछ करने पर उनकी गतिविधि संदिग्ध लगने और बाइक के कागजात उपलब्ध न कराने पर जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो बाइक चोरी की होने की बात सामने आई। साथ उन्होंने दो अन्य चोरी की बाइक भी होने की बात कबूल की। उनके निशानदेही पर दो अन्य बाइकों को भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम अभिषेक सिंह एवं शुभम सिंह निवासी बहोरापुर थाना पकड़ी का बताए। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार युवकों को विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

### डिंपल–अखिलेश समेत यादव परिवार के पांच दिग्गज चुनावी मैदान में, इन सीटों पर जबरदस्त मुकाबला; दांव पर लगी साख



लोक तंत्र की आवाज

सुगंधा
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में सैफई परिवार अहम किरदार निभाता आ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए इस बार लोकसभा चुनाव में बहू डिंपल बेटे व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अक्षय आदित्य और धर्मेंद्र यादव चुनावी मैदान में हैं। राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि इस बार तीसरे चरण से उठने वाली बयार का असर पूर्वांचल तक पड़ेगा। राजनीति के दंगल में धोबी पछाड़ से विपक्षियों को चकमा देने वाले पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की चुनावी विरासत नए दौर में कड़ी परीक्षा देने जा रही है। उनकी बहू डिंपल यादव सीट का भावनात्मक मिजाज समझते हुए अपने ससुर के नाम पर वोट मांग रही हैं, वहीं मुलायम के दो भतीजे भी समाजवादी राजनीति की चुनावी प्रयोगशाला में उतर गए हैं। सैफई परिवार की चुनावी कसरत पर राजनीतिक पंडितों की नजरें हैं। तीसरे चरण से उठने वाली चुनावी बयार का असर पूर्वांचल तक

# लखनऊ : तीसरे चरण के रण में योगी ने खूब बहाया पसीना, हर सीट पर प्रचार के लिए पहुंचे सीएम

लोक तंत्र की आवाज



**रत्ना लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीसरे चरण के रण के लिए इस भीषण गर्मी में भी खूब पसीना बहाया है। दस सीटों पर तीसरे चरण का मतदान सात मई को होना है। इसमें प्रदेश सरकार के दो मंत्री भी मैदान में हैं। मुख्यमंत्री इन दस सीट पर प्रचार के लिए खुद पहुंचे हैं। प्रदेश के बाहर भी कई राज्यों में प्रचार करने के बाद भी मुख्यमंत्री दस सीटों में पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीसरे चरण के रण के लिए इस भीषण गर्मी में भी खूब पसीना बहाया है। दस सीटों पर तीसरे चरण का मतदान सात मई को होना है। इसमें प्रदेश सरकार के दो मंत्री भी मैदान में हैं। मुख्यमंत्री इन दस सीट पर प्रचार के लिए खुद पहुंचे हैं। प्रदेश के बाहर भी कई राज्यों में प्रचार करने के बाद भी मुख्यमंत्री दस सीटों में पहुंचे। तीसरे चरण की दस सीटों में से पांच सीटों पर भाजपा के नए प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा ने बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार, मैनपुरी से योगी के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, हाथरस से राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि, फिरोजाबाद से विश्वदीप सिंह, बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है।आगरा, एटा, फतेहपुर सीकरी और आंवला में विजयी सांसदों को फिर से उतारा गया है। संभल में 2019 में भाजपा प्रत्याशी रहे परमेश्वर लाल सैनी को इस बार भी टिकट दिया गया है। मुख्यमंत्री ने इन सभी सीटों पर हर प्रत्याशियों के लिए एक बार नहीं बल्कि कई बार प्रचार के लिए पहुंचे हैं। आगरा से केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल व भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर फतेहपुर सीकरी से किस्मत आजमा रहे हैं।

# नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में आरोपी को मिली जमानत

लोक तंत्र की आवाज़





रत्ना शुक्ला
**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (पक्सों एक्ट) अजय कुमार की अदालत ने नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में आरोपी को जमानत दे दी। बड़ालालपुर, थाना शिवपुर निवासी आरोपी विश्वजीत सरोज को 50–50 हज़ार रुपये की दो जमानते एवं बन्धपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता वरुण प्रताप सिंह व विवेक यादव ने पक्ष रखा।अभियोजन पक्ष के अनुसार ग्राम कानूडीह, थाना शिवपुर निवासी वादी ने शिवपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आरोप है कि 24 मार्च 2024 को शाम को उसकी लगभग 18 वर्षिय पुत्री अपने मां के साथ कपड़ा खरीदने रिंग रोड गयी थी, वही से वह गायब हो गयी। बहुत देर तक उसको खोजा गया लेकिन वह नहीं मिली। पीड़िति की बरामदगी व आरोपी की गिरफ्तारी 7 अप्रैल 2024 को की गयी। पीड़िता का बयान धारा 161 व 164 अंकित किया गया। पीड़िति की आयु संबंधित विवेचना की गई। विवेचना के दौरान धारा 366 एवं धारा 16/17 पाक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। अधिवक्ता वरूण प्रताप सिंह ने अदालत में तर्क दिया कि मुकदमा लगभग 8 दिन विलंब से दर्ज कराई गई तथा आरोपी का नाम प्रथम सूचना रिपोर्ट में नामजद नहीं है। आरोपी का वादी मुकदमा के लड़की से कोई वास्ता सरकार नहीं है।

# गोरखपुर क्षेत्र कलवारी गांव में बीती शाम अज्ञात कारणों से लगी आग

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी
**गोरखपुर ।** क्षेत्र में बीती शाम कलवारी गांव में रहने वाले रंगलाल शर्मा के पुत्र महेन्द्र शर्मा के छप्पर के घर में अज्ञात कारणों से लगी आग ने, गरीब परिवार को सड़क पर ला दिया। विकराल आग की लपटों में सब कुछ जलकर खाक हो गया। आपदा का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि घर में एक रूमाल का टुकड़ा भी साबूत नहीं बचा। कलवारी गांव के महेंद्र शर्मा अपनी पत्नी माधुरी शर्मा और तीन बच्चों के साथ फूंस के छप्पर के घर में रहते थे। गांवों में फेरी लगाकर कपड़े और साड़ियां बेंच कर परिवार का भरण–पोषण करते हैं।जल्द ही रहने के लिए अपना पक्का मकान बनाने के लिए उन्होंने लगभग डेढ़ लाख रुपए जमा किए थे और अपने छप्पर के घर में ही रखे हुए थे। बीती रात अचानक आग लगते ही परिवार के लोग जान बचाकर बाहर निकले फूंस के छप्पर में लगी आग ने पल भर में ही विकराल रूप धारण कर लिया,आग की उंची लपटें देख कर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। किंतु सबकुछ जलने के बाद ही आग बुझाई जा सकी। आग बुझाने के प्रयास में माधुरी शर्मा और बेटी अंजली शर्मा आग की लपटों से झुलस गईं।महेंद्र शर्मा और उनकी पत्नी ने बिलखते हुए बताया कि डेढ़ लाख रुपए घर बनवाने के लिए व्यापारियों से कर्ज लेकर रखे थे। लगभग 500 पीस साड़ियां और कपड़े,कीमती गहने खाने और घरेलू उपयोग के सामान 20 क्विंटल गेहूं 10 क्विंटल चावल 3 क्विंटल सरसों आदि सभी सामान चार मोबाइल फोन, आधार कार्ड बैंक पासबुक, एलआईसी के कागज सब जलकर राख हो गए। परिवार के सर से छत उजड़ गई और खाने के लाले पड़ गए हैं। सबेरे खजनी तहसील से मौके पर पहुंचे लेखपाल वीरेंद्र श्रीवास्तव ने आग से लगभग 10 लाख रूपए की क्षति होने का अनुमान लगाया। दर्दनाक हादसे के बाद पूरे परिवार का रो कर बुरा हाल है।ीती शाम लगभग 7 बजे आग लगने के बाद सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ी और थानाध्यक्ष बांसगांव की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक आग ठंडी पड़ चुकी थी ।

# पत्नी के मायके जाने पर युवक ने लगाई फांसी

पत्नी के मायके जाने पर युवक ने लगाई फांसी

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी
**भागलपुर देवरिया–** मईल थाना क्षेत्र के भागलपुर गांव में दिन के लगभग 12:00 बजे एक युवक ने पत्नी के मायके जाने पर नाराज होकर फांसी लगा लिया। जिसकी सूचना पाकर मईल थाना पुलिस चौकी प्रभारी भागलपुर मय पुलिस फोर्स घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर, पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया।भागलपुर के गांव के मनोज पुत्र फरेश ने परिवारिक कलह के कारण फासी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। मनोज की शादी बड़ौदा में हुई थी पति–पत्नी में हमेशा विवाद रहता था, बरसों बाद पत्नी आई थी और किसी कारण बस दो–चार दिनों से आपस में विवाद चल रहा था। पुलिस भी दो दिन पहले आई थी और इन दोनों को समझा बुझाकर रहने के लिए कहा। सुबह के वक्त पत्नी मायके की जिद कर जाने लगी युवक ने मना किया लेकिन पत्नी चली गई और युवक मनोज कुमार ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मनोज की पत्नी रेखा की एक पुत्री आशु है। मनोज साहनी एच पी गैस एजेंसी भागलपुर में गैस वितरण का कार्य करते थे और जीवन यापन करते थे। इस घटना के बारे में एस एच ओ मईल गोरखनाथ सरोज ने बताया कि यह परिवारिक कलह के कारण हुआ। घटना के अन्य कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा।

# एक डोंगी नाव पलट गई’ जिससे नदी में डूबकर दो बच्चों और एक बुजुर्ग सहित 3 की मौत हो गई

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी
संत कवीर नगर –जिले के धनघटा थानाक्षेत्र से बहने वाली कुआनो नदी में ग्राम मझौरा के निकट रविवार की दोपहर एक डोंगी नाव पलट गई’ जिससे नदी में डूबकर दो बच्चों और एक बुजुर्ग सहित 3 की मौत हो गई। प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मझौरा के नकहा टोला निवासी गोपाल पुत्र बरखू (62) अपने इकलौते पोते आर्यन पुत्र शैलेंद्र (11) और शिवम पुत्र सुनील (12) के साथ गांव के पास स्थित कुआनो नदी के किनारे भैंस चरा रहे थे। दोपहर में भैंसें नदी में जाकर नहाने लगीं। इसी बीच कुछ भैंसें नदी के दूसरी तरफ चली गईं। उन्हें वापस लाने के लिए गोपाल ने नदी के किनारे बंधी मछुआरों की नाव लेकर जाने लगे और सहयोग के लिए उन्होने अपने पोते आर्यन और शिवम को भी साथ ले लिया। नाव नदी की बीच धारा में पहुंची थी कि उसमें पानी भरने लगा और देखते ही देखते नाव डूब गई। इस घटना में दोनों बच्चों समेत गोपाल भी डूब गए। नदी किनारे भैंस चरा रहे एक अन्य बच्चे ने घटना की सूचना ग्रामीणों और उनके परिजनों को दिया। देखते ही देखते घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से घण्टों की मशक्कत के बाद तीनों लोगों को नदी से बाहर निकाल लिया और एम्बुलेंस की सहायता से उन्हें सीएचसी हैंसर बाजार ले गयी’ जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।शादी का सपना दिखा लोगों के करोड़ों डकार चुकी मैरिज ब्यूरो संचालिका, युवतियों ने पुलिस के सामने किया राजफाश ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पीरपैंती थाना क्षेत्र से हथियार के साथ एक युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**केदार नाथ पाण्डेय**
पीरपैंती। पीरपैंती थाना क्षेत्र के बाखरपुर गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शंकर मिश्रा के घर से हथियार बरामद किया है।थाना पुलिस को जानकारी हुई थी विजय शंकर अपने घर पर भारी मात्रा में हथियार छुपा कर रखा है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विजय शंकर मिश्रा के घर से जब तलाशी लिया तो घर से लोहे और लकड़ी से बनी एकनाली बंदूक, 12 बोर का 25 जिंदा कारतुत,दो चाकू, बरामद किया गया। पुलिस पता लग रही है कि यह हथियार कहां से आया है । किस मकसद से अपने घर में इन्होंने हथियार को छुपा कर रखा था । छापामारी दल में शामिल पुलिस निरीक्षक आलोक कुमार, गुलशन पासवान, राकेश गुप्ता, चौकीदार धीरेंद्र गोंड सामिल थे।।इसकी जानकारी कहलगांव अनुमंडल पुलिस उपाध्यक्ष 2 अर्जुन कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी।

### पानी नहीं मिलने से लोगो में आक्रोश, दिए आंदोलन की चेतावनी



**केदार नाथ पाण्डेय**
पीरपैंती। पीरपैती प्रखंड बाराहाट पंचायत में वार्ड नंबर 3 वार्ड नंबर 5 और अन्य वार्ड में जल नल योजना के बावजूद भी कई महीनो से पानी नहीं चलने के कारण जनता में काफी आक्रोश दिखाई दिया। भीषण गर्मी में पानी के कारण कई किलोमीटर से पानी लाकर लोग अपनी प्यास बुझा रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चे समय पर पानी नहीं रहने पर विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं। जनप्रतिनिधि के साथ-साथ समाजसेवी ग्रामीण सैकड़ो लोगों ने आक्रोशित होकर कहा अगर पानी की व्यवस्था चार-पांच दिनों के अंदर नहीं हुआ तो महिला पुरुष बच्चे सभी सड़क पर उतरेंगे। उक्त अवसर पर उप मुखिया बबलू शर्मा ,वार्ड प्रतिनिधि बबलू साह, स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद, वार्ड सदस्य संतोष कुमार ,वार्ड प्रतिनिधि गोपाल साह, ग्रामीण कमलेश्वरी सोनी, साजन ठाकुर ,परदेसी सोनी, पिको साह एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गोली कांड के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार थानाध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज
बिहपुर - भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत सतियारा गांव में रविवार की देर रात थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर की अगवाई में छापेमारी कर बिहपुर थाना कांड संख्या 165/24 के प्राथमिकी अभियूक्त सतियारा निवासी सदानंद मंडल पिता लखन मंडल को उसके घर से बिहपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी हो कि विगत एक मई की रात भ्रमरपुर सतियारा में मुन्ना मंडल एवं गोरेलाल मंडल के बीच विवाद की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां 112 वाहन को देखकर गोरेलाल राम के पुत्र नीतीश कुमार भी वहां पहुंच गया। जिसे देख मुन्ना मंडल को शक हो गया था कि नीतीश कुमार ने ही पुलिस बुलवाया है।इसी आशंका के आधार पर अगले ही दिन दो मई की सुबह मुन्ना मंडल के द्वारा नीतीश कुमार को ग़ोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। कांड दर्ज कर बिहपुर पुलिस ने त्वरित कार्यवाई करते हुए घटना के महज कुछ ही घँटों में एक प्राथमिकी अभियूक्त विकास कुमार पिता स्व दिवाकर मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। दो अभियूक्त अब भी फरार है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार अभियूक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# राजमहल अनुमंडल क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**हैसटैग कम्पेन मे भाग लेने हेतु यात्रियों के साथ-साथ बीएलओ तथा एस एच जी के दीदी के अलावे वहा उपस्थित महिला एवं पुरुष एवं ग्रामीण से किया गया अपील**



लोकतंत्र की आवाज

बरहड़व।। जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी यात्रियों से अपील किया कि चुनाव आयोग के द्वारा आगामी 7 मई को समय 6:00 बजे अपराहन से लेकर 8:00 बजे अपराह्न तक एक हैसटैग कैंपेन चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जिलावासी मतदाता जागरूकता संबंधी संदेश जैसे फोटोग्राफ या वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से हैसटैग लगाकर पोस्ट करेंगे जिससे कि पूरे जिले में जन जागरूकता का एक माहौल तैयार हो सके। राजमहल फेरी घाट में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य राजमहल नगर क्षेत्र अंतर्गत अवस्थित फेरी घाट परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में किया गया उक्त कार्यक्रम में स्टीमर में मौजूद यात्री गणों के बीच आगामी 1 जून 2024 को अपने मतदान केंद्र में जाकर वोट देने हेतु जागरूक किया गया।मतदान संबंधी विषयों पर हुआ विस्तृत चर्चा राजमहल मानिकचक के बीच संचालित होने वाले फेरी सेवा में स्टीमर में सवार होकर जिले के विभिन्न पदाधिकारी ने यात्रियों के बीच मतदान संबंध विषयों पर चर्चा किया चर्चा के दौरान जानकारी देते हुए नगर पंचायत क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बनना हम सभी का कर्तव्य है और ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान के दिन लोग मतदान प्रक्रिया में भाग लेने हेतु मतदान केंद्र में जरूर पहुंचे।चर्चा में अपनी बात रखते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉक्ट सुमन गुप्ता ने उपस्थित महिलाओं के बीच यह संदेश दिया कि हर हाल में आगामी 1 जून, 2024 को अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान प्रक्रिया में जरूर भाग ले।चुनावी चर्चा के दौरान अंचल अधिकारी राजमहल, प्रखंड विकास पदाधिकारी उधवा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राजमहल एवं अन्य ने भाग लिया।सभी यात्रियों ने लिया मतदान संकल्प फेरी सेवा में संचालित स्टीमर में अनुमंडल पदाधिकारी ने सवार सभी यात्रियों को मतदान प्रतिज्ञा संकल्प दिलवाया सभी यात्रियों ने यह संकल्प लिया कि आगामी 1 जून 2024 को होने वाले मतदान के दिन वह मतदान केंद्र में जाकर वोट जरुर डालेंगे।राजमहल बाजार में चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में राजमहल स्टेशन के समीप सब्जी मंडी के आसपास के दुकानों में बृहद जन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से आग्रह किया कि आने वाले 1 जून 2024 को लोग अपने घरों से निकले और अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिमलेश कुमार त्रिपाठी, अंचल अधिकारी राजमहल अशोक कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी राजमहल, उदय कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी उधवा , विशाल पांडेय, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत स्मिता किरण, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार , जिला समन्वयक एसबीएम आशीष यादव के साथ-साथ स्वीप कोषांग के सभी कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महा गठबंधन के प्रत्याशी विजय हांसदा के फेवर में जनसभा





लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के फुटानी मोड़ पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से एक जन सभा का आयोजन किया गयोइस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनवीर आलम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बरकत खान बरहरवा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजीत टुडू के अलावे काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थेबैठक को संबोधित करते हुए लगभग सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र से निवर्तमान सांसद विजय हंसदा को भारी से भरी बहुमत से विजय बनाकर उन्हें लोकसभा भेजने तथा राहुल गांधी का हाथ मजबूत करने को लेकर उपस्थित जनसमूह को आह्वान कियो अपने संबोधन में तनवीर आलम ने कहा कि क्षेत्र की जनता की दुख दर्द को समझने के लिए हमारे पार्टी के कार्य करता एवं स्वयं हम लोग लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करते रहते हैं ताकि जहां तक संभव हो सके जनमानस की समस्या का समाधान किया जा सके उन्होंने कहा कि समय का मांग है कि हमारे महागठबंधन के प्रत्याशी विजय हंसदा एक बार फिर से सांसद निर्वाचित होकर लोकसभा पहुंचे एवं हमारी समस्या को रख सके बरकत खान एवं रंजीत टुडू ने भी अपने संबोधन में महागठबंधन के प्रत्याशी को जितने को लेकर कार्यकर्ताओं को सुझाव दियोइस मौके पर बबलू शेख, राहुल शेख, बैतूल शेख, यारूल खान, तमीजुददीन, अब्दुल शेख, कलम शेख, दीपक मंडल, उत्तम मंडल, राजा हेमराम, कमल शोरेन, के अलावे काफी संख्या में आम जनता भी उपस्थित थे।

## कॉलेज महासचिव ने इंटरमीडिएट की नामांकन प्रक्रिया को शुरू कराने को लेकर प्राचार्य महोदय को ज्ञापन सौंपा

लोकतंत्र की आवाज



बरहड़वा। आज दिनांक 06 मई 2024 को एनएसयूआई कॉलेज महासचिव सोयेब अख्तर के नितृत में बी एस के महाविद्यालय बरहरवा के प्राचार्य महोदय को इंटरमीडिएट की ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया शुरू कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि मैट्रिक की परीक्षाफल प्रकाशित हो चुकी है एवं विभिन्न कॉलेज और स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। हमारे बीएसके महाविद्यालय में अभी भी नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं हुआ है जिस कारण से बहुत विद्यार्थी असमंजस में है कि नामांकन कब से शुरू होगा इसलिए एनएसयूआई आपसे मांग करती है कि जल्द से जल्द इंटरमीडिएट के नामांकन प्रक्रिया शुरू किया जाए। बी एस के महाविद्यालय प्राचार्य महोदय वसंत कुमार गुप्ता ने बताया कि नामांकन को लेकर कॉलेज प्रशासन तैयारी कर रही है एक सप्ताह के अंदर नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दिया जाएगा। मौके पर शहादत शेख, वासिम अकरम, रमजान शेख, जयमूल शेख, फैजल शेख अनिमेष मंडल, शेखर बसर और कई अन्य उपास्थि थे।

## बरहरवा व कोटालपोखर थाना पुलिस ने छापेमारी अभियान में बरमाद किए 110 बोतल अवैध शराब, तीन गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**
बरहरवा। साहेबगंज पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशानुसार जिले भर के सभी थाना क्षेत्र में अवैध गतिविविधियों पर छापेमारी अभियान व जाँच अभियान लगातार संचालित की जा रही है,इसी क्रम में बरहरवा एवं कोटालपोखर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जिस दौरान बरहरवा थाना एएसआई जुमराती अंसारी व सुदामा सिंह,ज्योति कुमारी ने दल बल के साथ रविवार की रात्रि बरहरवा थाना क्षेत्र के महतापुर ग्राम के एक मकान से छापेमारी कर अवैध शराब बिक्रेता प्रताप घोष पिता-रोमन घोष को 40 बोतल अवैध विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार लिया,जिसको लेकर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि मामले को लेकर बरहरवा थाना कांड संख्या 63/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर सोमवार कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान के नेतृत्व में दलबल के साथ कोटालपोखर थाना के जीवनपुर व ढाटापाडा के दुकान में छापेमारी कर लगभग 70 बोतल अवैध विदेशी शराब के साथ दो शराब विक्रेता प्रकाश घोष एवं काली मिंज को गिरफ्तार किया है,थाना प्रभारी श्री चौहान ने बताया कि मामले को लेकर कोटालपोखर थाना कांड संख्या :-26/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रसित कार्यवाही के तहत दोनो अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है, वहीं बरहरवा व कोटा लपोखर थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गत्तिविधियों को बर्दाश्त नहीं कि जाएगी।थाना क्षेत्र में शांतिव्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस लगातार जाँच अभियान व गश्ती संचालित कर रही है।

## बिहपुर : मां बेटे को एन एच 31 पर ट्रक ने मारा धक्का

लोकतंत्र को मजबूत





बिहपुर - सोमवार की देर शाम भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत एन एच 31 इंदिरा मंच के पास तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार मां बेटे को कुचल दिया। गंभीर हालत में दोनों को अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचते ही इलाज के क्रम में दोनो की मौत हो गई। मृतक बिहपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुररत्ती पंचायत के वार्ड नंबर- एक निवासी माला देवी पति रमेश शर्मा उर्फ कारे 45 वर्ष व इनके अविवाहित पुत्र कुंदन शर्मा 25 वर्ष है। जानकारी के अनुसार कुंदन नारायणपुर में किसी निजी अस्पताल में मां का इलाज कराकर स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल से एनएच 31 होकर घर लौट रहा था। इंदिरा मंच के समीप नवगछिया से खगरिया की ओर जा रही तेज रफ्तार लदे ट्रक ने सामने से कुचल दिया। सूचना मिलते ही बिहपुर व भवानीपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व घायलों को उठाकर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। इधर घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को मिलते ही रोते बिलखते सभी अनुमंडल अस्पताल पहुंचे। मृतक कुंदन इकलौता पुत्र था। तीन पुत्रियों में एक अविवाहित है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने कहा उक्त ट्रक को पुलिस ने जप्त कर लिया है। चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की ओर से आवेंदन मिलने पर अग्रतर कार्यवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गायघाट में शराब पीने वालों पर आयी आफत

**लोकसभा चुनाव को लेकर सक्रिय हुआ पुलिस**



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**
गायघाट। लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार पुलिस अलर्ट पर है। शराबबंदी के कारण शराब की तस्करी राज्य में तेजी से बढ़ी है। ऐसे में पुलिस यह नहीं चाहती कि शराब तस्कर लोकसभा चुनाव को किसी भी तरह से प्रभावित करें। इसके लिए पुलिस अब मोबाइल लोकेशन से शराब तस्करों की तलाश कर रही है। इसमें राज्य के बाहर के भी शराब तस्कर शामिल हैं जिनकी तलाश की जा रही है। वैसे तो बिहार में शराबबंदी है लेकिन गायघाट में शराब का अवैध कारोबार लगातार जारी है. ऐसे में लोकसभा चुनाव से पहले गायघाट थानेदार पुरषोत्तम यादव के नेतृत्व में पुलिस एक्शन में है और गायघाट के ग्रामीण इलाकों में लगातार छापेमारी जारी है. शराब के कारोबार पर नकेल के लिए थाना क्षेत्र में रोज छापेमारी हो रही है। वहीं प्रखंड के कई गांवों में शराब के शौकीन लोगों पर आफत आ गयी है ।पीने वाले शाम के समय सभी धंधेबाजों के यहां दरवाजा खटखटाकर लौट आता है ।वहीं धंधेबाजों के करीबियों को तो आसानी से शराब मिल जाती है। थानेदार पुरषोत्तम यादव ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी टीम एक्शन लेगी।

## तीन साधु ठगी के मामले में गिरफ्तार, प्रेस कांफ्रेंस कर किया पर्दाफाश

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**
मुजफ्फरपुर। साधु, पंडित जैसे वेश धा'रण कर ठ'गी जा'लसाजी करने वाले एक गि'रोह का भं'डाफो'ड़ करते हुए मास्टरमा'इंड समेत 3 जा'लसाजों को ठ'गी के सामान के साथ गिर'फ्तार करने में मुजफ्फरपुर पुलिस ने सफ'लता हासिल की है. विगत कई माह से जिलों के ग्रामीण व शहर से दूरस्थ इलाकों से ढों'गी साधु व पंडितों के वेश में जा'लसाजों द्वारा ठ'गी करने के मामले सामने आ रहे थे. वर्तमान में सदर थाना क्षेत्र के कच्ची-पक्की से एक दंपत्ति और पानापुर करियात इलाके में एक माँ-बेटी को जा'लसाजों ने अपना शि'कार बना कर दंपत्ति से 20 हजार रूपए नगद व सोने की चेन व माँ-बेटी से ऑनलाइन 70 हजार रूपए की ठ'गी की थी. मामले में दंपत्ति ने सदर थाना और माँ बेटी ने साइबर थाना में आवेदन देते हुए जा'लसाजों को पक'ड़ने की गु'हार लगाई थी. मामले की गंभी'रता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा साइबर थाना की पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने नेतृ'त्व में पुलिस टीम का गठन कर मामले के प'टाक्षेप की जिम्मेवारी सौंपी गई. गठित पुलिस टीम ने पीड़िता के घर व इसके आसपास के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर तकनिकी अनुस'न्धान करते हुए अप'राध का'रित करने के महज 24 घंटों के अंदर घट'नाओं में संलिप्त मास्टरमा'इंड सहित 3 जा'लसाजों को नगदी समेत लू'ट के कई सामानों के साथ दरभंगा से गिर'फ्तार कर लिया. पक'डे गए अपरा'धकर्मियों में दरभंगा जिले के अशोक पेपर मिल थाना क्षेत्र के साकिन मनोरथा निवासी प्रेम कुमार देव व लक्ष्मण लाल देव और मुजफ्फरपुर जिले के क'टरा थाना क्षेत्र साकिन धनवाड़ा पोस्ट तेघवाड़ा निवासी नागेंद्र कुमार लाल शामिल हैं. तला'शी के दौरान इनके पास से 34 हजार 700 रूपए नगद, दो भागों में खं'डित सोने की चेन, 60 अदद राजग-बिरंगे रत्न, ठ'गी/जा'लसा'जी में प्रयुक्त कार व श्रीमदभ'गवत गीता की एक छोटी पुस्तक बरा'मद की है. पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मामले की जानकारी देते हुए नगर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया की मूल रूप से दरभंगा के रहने वाले यह अपरा'धकर्मी देवर/लालदेव जाति से ताल्लुक रखते हैं. इनका मुख्य पेशा ग्रामीण व सुदूर इलाकों में घूम घूम कर भोले-भाले लोगों को वास्तु शास्त्र, पितृ-दोष, परिवार में किसी की अकाल मृत्यु या विपत्ति, नौकरी न लगना, धन की प्राप्ति, संता'नोत्पत्ति जैसे भ'य/ला'लच देकर अपने भरोसे में लेकर जा'ल में फं'साते हैं और ठ'गी की घट'नाओं को अंजाम देते हैं. ठ'गी के क्रम में यह गिरोह नगद, स्वर्णाभूषण के साथ ही नगद न होने की स्थिति में पैसे ऑनलाइन भी ट्रांसफर कराते हैं. जिस बैंक अकाउंट में यह ठ'गी के पैसे स्था'नांतरण कराते थे उन खातों को फ्रि'ज कर दिया गया है. सिटी एसपी ने बताया की पूछताछ में इन्होने न केवल मुजफ्फरपुर, बल्कि आसपास के कई जिलों और झारखण्ड, ओड़िसा, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी ठ'गी की वा'रदात को अंजा'म देने की बात स्वीकारी है. पकडे गए अपरा'धकर्मियों ने गि'रोह में शामिल अपने कई साथियों के नाम बताये हैं. अनुस'न्धान उपरांत इनकी गिर'फ़्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयासरत है।

## आज ईडी की कारवाई को लेकर पूर्व विधायक सह आजसू केंद्रीय उपाध्यक्ष जनाब अकिल अख्तर जी की आधिकारिक प्रतिक्रिया

लोकतंत्र की आवाज



बरहड़वा। झारखंड को लूट का चरागाह बनाने वालों का फिर एक बार पोल खुल गई है। झारखण्ड महागठबंधन बोले तो महाठगबंधन सिर्फ प्रदेश की जनता के पैसों को लूटने में लगे हुए हैं। इन्हें राज्य की विकास से कोई मतलब नही है केवल और केवल धनशोधन ही इनका एकमात्र उद्देश्य है। प्रदेश के गरीब गुरबा दो वक्त की रोटी जुगाड़ करने के लिए जद्दोजहद करते हैं, पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में लोग रोजगार और उद्योग के अभाव में पलायन कर रहे हैं, बिजली पानी, अस्पताल के लिए लोग त्राहिमाम कर रहे हैं, और मंत्री जी के करीबी, पीए, सीए और नौकर के पास करोड़ों का कैश बरामद हो रहा है। भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे मंत्री के काले कारनामे जनता के सामने उजागर हो गई है। प्रदेश और पाकुड़ में टेंडर, नौकरी, बालू, पत्थर, ट्रांसफर पोस्टिंग के जरिए जनता की गाढ़ी कमाई को खुले आम लूटा जा रहा है।याद रखिए, जनता को लूटने वाले को पाई पाई का हिसाब देना होगा और जनता का पैसा लौटाना होगा।₹उक्त प्रतिक्रिया जनाब अकिल अख्तर के आधिकारिक फेसबुक पेज और एक्स (ट्विटर) हैंडल पर भी पोस्ट किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### तेंदुआ को बीच सड़क पर देख राहगीर हुए भयभीत



बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा
वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना वन प्रमंडल 2 के वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र सटे ग्रामीण इलाकों में इन दिनों वन्य जीवों की चहलकदमी बढ़ने से लोगों में भय व्याप्त है। आए दिन ये वन्य जीव ग्रामीण क्षेत्र सहित जंगली मार्ग पर चहलकदमी करते सुनने या देखने को मिल जाता है।इसी क्रम में शनिवार की शाम तकरीबन 8 बजे बगहा से वाल्मीकिनगर आते समय कुछ राहगीरों को अचानक चमईनिया मोड़ के समीप एक तेंदुआ को चहलकदमी करते देख भएभित हो गए।राहगीरों में राजेश कुमार और किशोर कुमार ने बताया कि बगहा से लौटे समय देर शाम को चमैनिया मोड़ के पास बीच सड़क पर एक तेंदुआ को देख हम लोग काफी डर गए।हालांकि वह तेंदुआ सड़क पर चहलकदमी करते हुए जंगल की ओर निकल गया।इस बाबत भेडिहारी वन क्षेत्र के वनपाल नवीन कुमार ने बताया कि वन क्षेत्र में वन्य जीवों की चहलकदमी सामान्य घटना है।ग्रामीण हमेशा सतर्क हो कर जंगल को पार करें।

### बैलगाड़ी से नामांकन दाखिल करने पहुंचे रिटायर फौजी




क्षितिज राज
बेतिया सोमवार को दिन बाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए रिटायर्ड फौजी जहां बैलगाड़ी पर सवार होकर जब कलेक्ट्रेट पहुंचे तो उनके इस अंदाज को देखने के लिए भिड़ उमड़ पड़ी इस संबंध में रिटायर फौजी रमेश प्रसाद ने बताया कि आज के परिवेश में आम जनता के दुख दर्द को सुनने वाला कोई नहीं इतना ही नहीं सेना के जवानों के भी समस्याओं को कोई नहीं सुन पा रहा है ऐसी हालत में वे इस समस्या का दूर करने का हर संभव प्रयास करेंगे रिटायर फौजी रमेश प्रसाद के साथ दर्जनों सेवा के रिटायर जवान मौजूद रहे बताते चलें अभी तक बाल्मीकि नगर लोक सभा क्षेत्र से नौ प्रत्याशी अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर चुके हैं

### चापाकल खराब के बहाने मध्यान भोजन बंद




गौनाहा / प्रखंड के डी के सेरवा विद्यालय मे बच्चों को नहीं मिल रहा मध्यान भोजन। इस आशय की जानकारी लेने विद्यालय के प्रधान शिक्षिका प्रतीक्षा कुमारी जायसवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया की चापाकल खराब होने कारण आज भोजन नहीं बन पाया है। इधर ग्रामीणों से इसकी जानकारी ली गई तो ग्रामीणों ने बताया की शनिवार को भी मध्यान भोजन को लेकर आना–कानी विद्यालय के तरफ से हो रही थी किन्तु ग्रामीणों के विरोध करने के बाद दूसरे स्थान से पानी लाकर मध्यान भोजन बनाया गया। इधर एमडीएम प्रभारी धीरज कुमार जायसवाल से उक्त विषय से संबंधित जानकारी ली गई तो उन्होंने गोल मटोल जवाब देकर अपना पल्ला झाड लिया। विदित हो की टोला सेवक ने भी मध्यान भोजन की जाँच की है। उक्त जाँच की रिपोर्ट बीआरसी गौनाहा से मांगी गई तो ये कहकर रिपोर्ट नहीं दी गई की रिपोर्ट अभी टोला सेवक के द्वारा जमा नहीं कराया गया है। समाचार संकलन तक अर्थात शाम के साढ़े पांच बजे तक रिपोर्ट बीआरसी कार्यालय गौनाहा मे नहीं पहुँच पाया है। जो प्रखंड शिक्षा कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। इस बाबत बीईओ संजय कुमार ने कहाँ की इसकी जाँच की जाएगी। जांचोपरान्त कार्यवाई की जाएगी।

# गंडक नहर बना बच्चे, बूढ़े और नौजवानों के लिए स्विमिंग पूल

**पवित्र नदियों के श्रेणी में है इसका नाम,धर्म ग्रंथों में गंडक नदी का है विशेष महत्व**

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा /** गंडक नदी का शाखा दोन नहर इन दिनों गर्मीयों से राहत दिलाने में लोगों के लिए काफी सहायक बना हुआ है। गर्मी के बढ़ते पारा व चिल्लाती धूप से निजात दिलाने के लिए बच्चे, बूढ़े और नौजवानों के लिए दोन नहर इस गर्मी के महीना में स्विमिंग पूल का रोल अदा कर रहा है। विदित हो की दोन नहर की उत्पत्ति वाल्मीकि गंडक बैराज से होकर बेतिया जिला के बगहा, रामनगर , गौनाहा तथा मैनाटांड़ प्रखंड होते हुए नेपाल तक के धरती को अपने जल से सिंचित कर अन्न उगाने में सहायक है। वैसे तो इस नहर का पानी बहुत ही पवित्र गंडक नदी की जलधाराओ ? से बट कर आति है ,जो हिमालय पर्वत श्रृंखला के धौलागिरी पर्वत के मुक्तिधाम से निकलती है। जिसे नेपाल में सालिग्रामी, सप्तगंडकी, नारायणी नाम से भी जाना जाता है। यह नदी तिब्बत व नेपाल से निकलकर उत्तर प्रदेश के महाराजगंज, कुशीनगर से होते हुए बिहार के पश्चिमी चंपारण के वाल्मीकि नगर से गुजरते हुए सोनपुर के पास जाकर गंगा नदी में मिल जाती है। गंडक नदी को पुराणों में बहुत ही पवित्र नदी बताया गया है। महाभारत काल में घटित कई पौराणिक घटनाएं गंडक नदी से संबंधित है, गज और ग्राह यानी हाथी और घड़ियाल का जंग इसी नदी में हुआ था, इस युद्ध में गज का विनती सुनकर भगवान कृष्ण ने आकर उसकी जान बचाई थी। अन्य पौराणिक कथा के अनुसार जरासंध वध के बाद पांडवों ने इसी पवित्र नदी में स्नान किया था। भगवान विष्णु के पत्थर बनने की रोचक कथा का संबंध भी इसी गण्डक नदी से है। शंखचूड़ नाम के राक्षास की पत्नी वृंदा पतिव्रता होने के साथ ही भगवान विष्णु की परम भक्त भी थी। भगवान विष्णु ने महादेव के साथ मिलकर छल से वृंदा के पतिव्रता धर्म नष्ट कर दिया ताकि उसके पति का अंत किया जा सके। इसके बात वृंदा ने क्रोधित होकर भगवान विष्णु को श्राप दिया के वह पत्थर का बन जाएंगे और कीटों द्वारा कुत्तरे जाएंगे। इसके बाद अपने भक्त के श्राप का मान रखते हुए भगवान विष्णु पत्थर के रूप में गंडक नदी में आज भी पाए जाते हैं। भगवान विष्णु के जिस शालिग्राम रूप की पूजा की जाती है वह इसी नदी में मिलता है। सावन के महीना में हजारों श्रद्धालु त्रिवेणी स्नान करने इसी गंडक नदी में जाते हैं तथा अपने साथ जल भरकर अपने नजदीकी शिवालों में भगवान शिव को अर्पित करते हैं।

## बगहा में मारपीट का विवाद सुलझाने गई पुलिस पर लोगों ने हमला बोल



लोकतंत्र की आवाज

**बगहा से शमशाद अंसारी**
इसके साथ ही पुलिस के द्वारा की जाने वाली कार्रवाई को भी लोगों के द्वारा प्रभावित किया गया। इसे लेकर पुलिस ने गांव के अज्ञात 20 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया है। इसके साथ ही वीडियो के आधार पर अभद्रता करने वाले लोगों को पुलिस चिन्हित कर रही है। दरअसल, पिपरासी थाना क्षेत्र में के मंझरिया पंचायत स्थित पांडेय छपारा में भूमि विवाद को लेकर शुक्रवार को मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों से दो लोग घायल थे, मामला राजू खरवार व गोपाल खरवार के बीच भूमि विवाद को ले कर हुआ था। भूमि विवाद को लेकर मार पीट में दोनों तरफ से एक महिला व एक पुरुष घायल हैं। इस विवाद में राजू खरवार व उसके बुलाए यूपी के आधे दर्जन लोगों द्वारा गोपाल खरवार बेरहमी से पिटाई कर दी गई थी। इस घटना में गोपाल खरवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसका इलाज यूपी में चल रहा है। इधर इस घटना से गुस्साए स्थानीय लोग राजू खरवार के पक्ष में आए उत्तर प्रदेश के लोगों के विरुद्ध एक जुट हो गए। लोगों ने यूपी से आए समर्थकों पर हमला बोल दिया। हमले को देखते हुए यूपी से आए लोग भाग खड़े हुए हालांकि उनकी बाइक लोगों ने जप्त कर ली। इसी बाइक को छुड़ाने और मामले की जांच करने के लिए पुलिस पहुंची हुई थी इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस पर हमला बोल दिया। इस मामले कााकफ पुलिस ने रविवार को दर्ज किया, दरअसल पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच तू तो मैं का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा और पुलिस पर सवालिया निशान उठने लगा इसके बाद पुलिस ने पुलिसिया कार्रवाई में व्यवधान डालने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। वही इस मामले में दोनों पक्षों से 12 लोगों पर भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि वीडियो के आधार पर अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। दोनों मामलों के साथ–साथ पुलिसिया कार्रवाई में व्यवधान पैदा करने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## दिनदहाड़े अपराधियों ने पटना के व्यवसाई के लूटे लाखों रुपए



लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**
**बेतिया** । सोमवार के दिन मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरा चौक पर बाइक पर सवार दो अपराधियों ने पटना से बेतिया आ रहे हार्डवेयर व्यवसाय ई मोहन तिवारी से दो लाख 77 हजार रुपए लूट कर फायरिंग करते हुए चलते बने और लोग मुख दशक बने रहे बताते चलें कि मोहन तिवारी का पटना में हार्डवेयर प्रसिद्ध व्यवसाय है और उनके व्यापार का धंधा कई जिलों में फैला हुआ है विजनेश के कलेक्शन के लिए वे पटना से मोतिहारी आयें और वहां से बेतिया बस से आ रहे थे इसी बीच रास्ते में पिपरा चौक के पास अपराधियों ने बस रोककर दो पिस्टल से 10 राउंड हवाई फायरिंग गोलियां चलाई जिससे आस पास भय छा गया और फिर उक्त विजनेश कर्ता से नगद रुपए लुट खेत के रास्ते गोली फायरिंग करते चलते बने इसी क्रम में उनके गोली से एक वाईक सवार के भी धायल होने कि सूचना है वहीं घायल व्यापारी का इलाज जीएमसीएच में चल रहा है इस संबंध में सीडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि पुलिस पुरे मामले की छानबीन में जुट गई है और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा वहीं इस धटना से आसपास दहशत का माहौल बन गया है।

## सोच बदले समाज बदलेगा बाल विवाह रोके देश बदलेगा 10 मई अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह रोक थाम हेतु रक्सौल स्थित मनोकमना माई मंदिर प्रांगन में चलाया गया जागरूकता अभियान

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**
**मोतिहारी पूर्वी चम्पारण**–दिनांक 06/05/2024 को प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण एवम बाल विकास परियोजना रक्सौल (आईसीडीएस)के संयुक्त तत्वावधान में 10 मई को अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह रोक थाम हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयास संस्था की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी द्वारा किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित भगत गण पुजारी दुकानदार एवम् आम पब्लिक के बीच बाल विवाह ना करने की शपथ दिलाई गई और बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि लड़की की शादी 18 वर्ष के बाद और लड़के की शादी 21 वर्ष के बाद करना है। इससे पहले शादी करते हुए पकड़े जाने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, अन्तर्गत उनके ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई जा सकती हैं और उन्हें दो वर्ष के कठोर करावास या एक लाख रुपए तक के जुर्माना से अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता हैं। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रक्सौल ( आईसीडीएस ) कुमारी राखी द्वारा लोगों को बताया गया कि कम उम्र की शादी बच्चियों के स्वास्थ को प्रभावित करता है।10 मई को अक्षय तृतीया पे सभी धार्मिक स्थल पर ध्यान रखा जाएगा, ताकी बाल विवाह ना हो सके। कम उम्र में बच्चो की शादी करने से उनके शिक्षा और बच्चे के अधिकार की हनन होती हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप सभी को कहीं बाल विवाह होते दिखे तो आंगनवाड़ी सेविका व प्रयास संस्था के हेल्प लाइन नंबर झ9289692023 या चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर झ1098,112 पर इसकी जानकारी दे सकते हैं।

साथ ही पहले मतदान फिर जलपानमतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को 25 मई को मतदान करने के लिए बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने के लिए जागरूक किया गया। वहीं स्वच्छ संस्था के रणजीत कुमार सिंह द्वारा लोगों को बाल विवाह के रोक थाम हेतु अपना सहयोग दें, ताकी बाल विवाह पर नियंत्रण किया जा सके। मौके पर मनोकामना माई मंदिर के पुजारी लालबाबू ओझा,महिला पर्वेक्षिका मारिया बेगम, कुमारी ज्योति रानी, मंजू कुमारी, सेविका मणि माला शर्मा, नमिता कुमारी, नमिता श्रीवास्तव, उषा शर्मा, उषा देवी, विजन देवी, अनीता देवी, लालसा देवी, रंजू देवी, एवम् प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण से सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार शर्मा, राज गुप्ता, किरण वर्मा तथा अभिषेक कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## 4 अभियुक्त गिरफ्तार,04 लीटर देशी शराब बरामद,वाहन जांच में 1,03,000 रूपया लगाया गया जुर्माना


लोकतंत्र की आवाज




**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा पुलिस जिला द्वारा शनिवार को विगत 24 घंटा में कुल–04 गिरफ्तारी की गई है।कुल–04 अजमानतीय वारंट का निष्पादन किया गया।उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी करके दिया हैं।उन्होंने बताया कि चौतरवा थाना द्वारा हत्या के प्रयास में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।लौकरिया थाना द्वारा अन्य काण्ड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।रामनगर थाना द्वारा वारंट में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। नौरंगिया थाना द्वारा शराब के काण्ड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। साथ ही 04 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।एसपी ने आगे बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया।जॉच के कम में यातायात थाना द्वारा–52,000, चौतरवा थाना द्वारा–8,000, पटखौली थाना द्वारा 6,000, बगहा थाना द्वारा–12,000, रामनगर थाना द्वारा–15,000, धनहाँ थाना द्वारा–10,000, इस प्रकार कुल–1,03,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।अगामी लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिकोण से बनाये गये नदी थाना चेक पोस्ट एवं धनहाँ थाना अंतर्गत बासी चेक पोस्ट, धनहाँ थाना चेक पोस्ट सहित विभिन्न थानों के चेक पोस्ट का पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया ' चुनाव को लेकर थानों के पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया।मौके पर एएसपी अभियान द्विवेश कुमार मिश्रा सहित तमाम पुलिस प्रशासन मौजूद रहें।

## पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी इन्सपायर मानक एवार्ड में चयनित तान्या कुमारी एवं अमर कुमार का इन्सपायर मानक एवार्ड में चयन

लोकतंत्र की आवाज



**क्षितिज राज**
पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हरि लाल ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा दसवीं की छात्रा तान्या कुमारी एवं अमर कुमार का विज्ञान के ख्याति प्राप्त इन्सपायर मानक एवार्ड में चयन हुआ है। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हरि लाल ने काफी हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा तान्या कुमारी एवं छात्र अमर कुमार को शुभकामनाएं दी। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हरिलाल ने गाइड विज्ञान शिक्षक विश्व मोहन प्रसाद के सफल मार्गदर्शन की प्रशंसा की। जवाहर नवोदय विद्यालय के विज्ञान शिक्षक विश्व मोहन प्रसाद ने बताया कि कक्षा दसवीं की छात्रा मेधावी तान्या कुमारी एवं मेधावी छात्र अमर कुमार ने भारत सरकार के इन्सपायर मानक एवार्ड में सफलता प्राप्त की है। तान्या कुमारी एवं अमर कुमार को प्रोजेक्ट हेतु राशि सरकार के द्वारा प्राप्त हुई है। जवाहर नवोदय विद्यालय के विज्ञान शिक्षक विश्व मोहन प्रसाद ने बताया कि तान्या कुमारी के प्रोजेक्ट का विषय आटोमेटिक अल्कोहल डिटेक्टर एन्ड वेहिकल इग्निशन लॉकिन्ग सिस्टम तथा अमर कुमार का मोडिफाइड एक्जास्ट सिस्टम ऑफ वेहिकल है। जवाहर नवोदय विद्यालय पश्चिम चम्पारण के विज्ञान शिक्षक विश्व मोहन प्रसाद ने तान्या कुमारी एवं अमर कुमार को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बेतिया में एजेंट से रूपये लूटकर भाग रहे बदमाशों ने रोकने गए युवक को मारी गोली, बाइक लेकर मौके से हुए फरार

लोकतंत्र की आवाज




**क्षितिज राज**
पश्चिम चम्पारण में अपराधी बेख़ौफ़ होकर आपराधिक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। गंभीर घटनाओं को अंजाम देकर अपराधी पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। ताज़ा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बैजनाथपुर पटवारी टोला में सामने आया है। जहाँ अपराधियों ने एक बाइक सवार युवक को गोली मार जख्मी कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से युवक के बाइक को लेकर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से गंभीर स्थिति में युवक को बेतिया जीएमसीएच लाया गया। जहां जख्मी युवक का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि अपराधी किसी एजेंट से पैसा लूट कर भाग रहे थे। तभी मंजीत यादव ने अपराधियों को रोकने की कोशिश की। जिस पर अपराधियों ने उसके बायें हाथ में दो गोली मारी और मुंह में एक गोली लगी है। गोली आर पार हो गई है। वहीं मौके से अपराधी घायल अवस्था में पड़े युवक का बाइक ले कर फरार हो गए। फिलहाल युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है ।

## मोतिहारीः घर–घर जाकर बीएलओ बाटेंगे फोटो युक्त मतदाता पर्ची– जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**
**मोतिहारी ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर प्रत्येक मतदाता को फोटो मतदाता पर्ची उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त है। मतदान की तिथि नसे 5 दिन पहले तक सभी मतदाताओं को फोटो मतदाता पर्ची उपलब्ध करा दी जानी है। इसके आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल के द्वारा सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण को निर्देश दिया गया है कि मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी बीएलओ के माध्यम से 18 मई 2024 तक हर हाल में सभी मतदाताओं को फोटो मतदाता पर्ची का वितरण करना सुनिश्चित कराई जाए। फोटो मतदाता पर्ची का वितरण प्रत्येक बीएलओ के द्वारा डोर टू डोर किया जाना है। किसी भी स्थिति में किसी स्थान पर केंद्रित होकर वितरण नहीं करना है। फोटो मतदाता पर्ची मतदाता को अथवा उसके परिवार के किसी व्यक्ति को ही दिया जाएगा, किसी भी स्थिति में परिवार के सदस्य को छोड़कर अन्य व्यक्ति को मतदाता पर्ची नहीं देनी है। फोटो मतदाता पर्ची पर बीएलओ के द्वारा स्पष्ट हस्ताक्षर किया जाना है और यह हस्ताक्षर बीएलओ मतदाता पर्ची के वितरण के समय ही करेंगे। पहले से ही पर्ची पर हस्ताक्षर करके नहीं रखेंगे। बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची के वितरण की प्राप्ति का हस्ताक्षर पंजी में लिया जाएगा।यदि मतदाता पढ़े–लिखे नहीं है तो उनके बाएं अंगूठा का निशान बीएलओ के द्वारा इस पंजी में लिया जाएगा एवं निशान को घेर कर सत्यापित किया जाएगा। बीएलओ अपने पास इसके लिए स्टैंप पैड भी रखेंगे प्रत्येक बीएलओ को मतदाताओं की संख्या के अनुसार जिला निर्वाचन कार्यालय से पंजी शीघ्र उपलब्ध करा देने का निर्देश दिया गया है। फोटो मतदाता पर्ची का शत – प्रतिशत वितरण की जिम्मेदारी बीएलओ को दी गई है और इस कार्य को अभियान के तौर पर संपादित करने का निर्देश दिया गया है। बीएलओ के द्वारा प्रतिदिन वितरण संबंधी प्रतिवेदन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को विहित प्रपत्र में संध्या 5:00 बजे तक उपलब्ध करा देने का निर्देश दिया गया है। सभी सेक्टर पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि उनको आवंटित मतदान केंद्र से संबंधित बीएलओ से संपर्क स्थापित कर शत–प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही मतदान केंद्र का भ्रमण कर पर्ची वितरण का भौतिक सत्यापन भी करेंगे और इससे संबंधित प्रमाण पत्र समर्पित करेंगे कि सभी मतदाता को मतदाता पर्ची का वितरण कर दिया गया है। सभी आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को निर्देश दिया गया है कि आंगनबाड़ी के पोषक क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाता पर्ची वितरण का सत्यापन करेंगे और वितरण संबंधी प्रमाण पत्र संबंधित सीडीपीओ को उपलब्ध कराएंगे। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस को निर्देश दिया गया है कि शत– प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण का भौतिक सत्यापन महिला पर्यवेक्षिका तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के माध्यम से करवाएंगे और वितरण का प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेंगे। इस प्रकार सभी विकास मित्र एवं टोला सेवक को निर्देश दिया गया है कि वे लोग भी अपने संबंधित टोलों में मतदाता पर्ची वितरण का भौतिक सत्यापन करेंगे और उसका प्रमाण पत्र जिला कल्याण पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि सभी विकास मित्र एवं टोला सेवक से मतदाता पर्ची वितरण का भौतिक सत्यापन करते हुए संबंधित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएंगे। सभी अनुमंडल पदाधिकारी,पूर्वी चंपारण जिला को निर्देश दिया गया है कि अपने अधीनस्थ सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकानदारों के माध्यम से मतदाता पर्ची वितरण का भौतिक सत्यापन प्राप्त करेंगे तथा इसका प्रमाण पत्र जिला को उपलब्ध कराएंगे। सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि मतदाता पर्ची का वितरण 18 मई तक हर हाल में पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे और यदि किसी बीएलओ के द्वारा इस कार्य में लापरवाही या शिथिलता बरती जा रही है या चूक की गई है तो इसे काफी गंभीरता से लिया जाएगा और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के अंतर्गत उनके विरुद्ध समुचित कार्रवाई की जाएगी। जिला में लोकसभा के लिए मतदान की तिथि 25.05.2024 को निर्धारित है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### किरतपुर प्रखंड में पोस्टर बैलेट से 23 मतदाताओं ने किया वोट



लोक तंत्र की आवाज़

**दरभंगा।** लोकसभा चुनाव में किरतपुर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत से 23 मतदान वृद्ध और विकलांग लोगो ने सोमवार को पोस्टर बैलेट के माध्यम से मतदान किया है । यह प्रकिया होने से वृद्ध और विकलांग लोगो के चेहरे पर मुस्कान लाई है। वही विकलांग लोगो ने बताया है कराके के धूप में वैसाखी के सहारे बूथ तक मतदान करने जाना परता था जिसमें काफी जायदा कठिनाई का सामना करना परता था । बैलेट पेपर से मतदान होने पर यह स्पस्ट होता है की कुल 23 विकलांग और वृद्ध लोगो ने इस प्रक्रिया के माध्यम से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया है ।इसी मौके पर सेक्टर पदाधिकारी एवम मतदान दल कर्मी के साथ कई पुलिस के जवान उपस्थित रहे ।

### सीपीएम जिला कमिटी सदस्य सह विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव कॉ कृष्णा चंदेल का हुआ अंतिम संस्कार

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा, रजौली।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला कमिटी सदस्य सह विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव कॉ कृष्णा चंदेल का सोमवार को नम आंखों से अंतिम संस्कार रजौली नदी घाट पर की गई। हरदिया सेक्टर ए उनके निवास से भारी चित्कार को झेलते हुए कॉ कृष्णा चंदेल का शव यात्रा निकला। सीपीआई (एम) के जिला मंत्री कॉ प्रो नरेश चंद्र शर्मा, सचिव मण्डल सदस्यों कॉ रामयतन सिंह, दानी विधार्थी, बैजनाथ सिंह, जगदीश यादव, बिपीन कुमार, उमेश कुमार, सहदेव प्रसाद, राजेन्द्र राम, युवराज यादव, बालचंद चौधरी , बालचंद राजवंशी, लक्ष्मण बर्मा, सहित पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कॉ कृष्णा चंदेल की अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया। सबसे पहले कॉ कृष्णा चंदेल को लाल झण्डा शव को समर्पित करते हुए जिला कमिटी के नेताओं ने गगन भेदी नारों कॉ कृष्णा चंदेल अमर रहे, कृष्णा चंदेल को लाल सलाम, चंदेल तेरे अरमानों को मंजील तक पहुचायेंगे, दुनियां के मजदूरों एक हो आदि नारे लगाने के साथ शव यात्रा रजौली नदी के लिए प्रस्थान किया। जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण एवं परिवार के लोग शामिल थे। उनके बड़े बेटे ने मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार के दौरान पार्टी के सभी सदस्यों की आंखें नम हो गई।

### आर्म्स के साथ युवक गिरफ्तार, शराब बरामद, चार बाइक जब्त

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा, पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के भलुकी गांव में छापेमारी कर आर्म्स के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार से मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिली कि चार बाइक से शराब लाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस दौरान पुलिस ने बलियारी बुजुर्ग गांव के पवन कुमार को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दो गैलन में 50- 50 लीटर कुल 100 लीटर शराब जब्त किया है। चार बाइक को भी जब्त किया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मंजू कुमारी के द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक की गई

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा, पकरीबरावां।** सीडीपीओ मंजू कुमारी के निर्देशानुसार कार्यक्रम में महिला परवेक्षक , आंगनबाड़ी सेविका को साजन के गुणों व पोस्टिक के बारे में जागरूक किया गया सहजन का जूस बनाकर आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को देने के बारे में बताया गया सीडीपीओ ने कहा कि सहजन से हम ड्रम डिस मोरिंगा के नाम से भी जानते हैं जो सभी जगह पर उपलब्ध है इसमें औषधीय गुण मौजूद है इसके सेवन से कई तरह के बीमारियों को दूर किया जा सकता है इसका सेवन प्रत्येक व्यक्ति कर सकते हैं चाहे वह बीमारियों से ग्रसित भी हो इसे अपने हर दिन के भजन में शामिल कर सकते हैं उन्होंने कहा कि इसके सेवन करने से ब्लड शुगर कब्ज बुखार उतारने दमा आदि रोगों में फायदेमंद साबित होता है इसके सेवन करने से बच्चों में पोषण स्तर को ठीक किया जा सकता है या किडनी रोग में भी फायदेमंद है अगर बच्चे सहजन की सब्जी खाना पसंद नहीं करते हैं तो शुभ बनाकर दें बच्चे स्वस्थ रहेंगे और कुपोषण से भी उसे बचाया जा सकता है मौके पर मौके पर महिला परवेक्षका ममता चौधरी,प्रभावती कुमारी, अहिल्या कुमारी एवं रीता देवी उपस्थित

## गृह मंत्री अमित साह पहुंचे समस्तीपुर, किया नित्यानंद राय को जिताने की लोगों से अपील

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को समस्तीपुर जिले के सरायरंजन स्थित नरघोघी हाई स्कूल के मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस और आरजेडी पर जमकर हमला बोला। अपने भाषण की शुरुआत उन्होंने भारत माता की जयकारे तथा जय श्री राम नारे के साथ किया और बिहार की 40 की 40 सीटें जीताने की अपील की।

उन्होंने कहा कि लालू यादव के लालटेन और पंजे के साथ अन्याय, भूखमरी, गरीबी तो एनडीए के साथ आने पर डबल इंजन सरकार मिलेगी जो बिहार को आगे बढ़ाएगी। अमित शाह ने कहा, देश की जनता को ये तय करना है कि अगले पांच साल के लिए देश का प्रधानमंत्री कौन होगा। पूरे देश में लोग मोदी-मोदी के नारे लगा रहे हैं। उजियारपुर वालों से कहने आया हूं कि आप पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं, तो कमल छाप पर वोट दें। आपका एक - एक वोट पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगा। अपने संबोधन के दौरान अमित शाह ने कांग्रेस और आरजेडी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद कांग्रेस की गोद में बैठ गये हैं। लालू के सभी साथी भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं। वो खुद चारा खाकर जेल गये थे।

वहीं उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण पर डाका डाला है। कांग्रेस पिछड़ा समाज की सबसे बड़ी दुश्मन है। श्री शाह ने मंडल कमीशन का विरोध किया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी जी ने जीवन भर गरीबों के लिए काम किया। उन्होंने कहा की भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्पूरी जी को भारत रत्न दिया। अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने सबसे पहले पिछड़ा - अति पिछड़ा वर्ग का प्रधानमंत्री बनाया है। गरीब चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री बनाया। मोदी मंत्रिमंडल में 27 मंत्री पिछड़ा समाज से है। अमित शाह ने नित्यानंद राय के समर्थन में लोगों से वोट देने की अपील करते हुए कहा कि मैं उनको बड़ा आदमी बनाऊंगा।

आप नित्यानंद को चुनाव में विजयी बनाएं, वो मेरे जिगरी दोस्त है। मैं यहां उनको जिताने के मकशद आया हूं। अमित शाह की सभा को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिखा। अबतक उजियारपुर संसदीय क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा की सभा हुई है। राष्ट्रीय स्तर के भाजपा नेता की उजियारपुर में यह पहली सभा है। जो असफल पूर्वक सम्पन्न हुआ। मौके पर राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर, मंत्री विजय कुमार चौधरी, अशोक चौधरी, जगरनाथ ठाकुर, एमएलसी तरुण कुमार चौधरी, अनिल शर्मा, रेणु देवी, राजेश सिंह, वीरेंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

## पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**

**मुजफ्फरपुर ।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के हसन चक बंगरा में महिला की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपित राहुल कुमार को पुलिस ने नारायणपुर अनंत स्टेशन से आरपीएफ इंस्पेक्टर मनोज कुमार यादव ने गिरफ्तार कर लिया।

इलाज के क्रम में अपनी चाची की मृत्यु की खबर लगते ही वह भागने की फ़िराक में था, जिस क्रम में वह रविवार को स्टेशन पर पहुंचा था। यहां से पैसेंजर ट्रेन से मुजफ्फरपुर जंक्शन फिर जंक्शन से पवन एक्सप्रेस में सवार होकर मुंबई निकल जाता। सीसीटीवी कैमरे व पुलिस से बचने के लिए उसने नारायणपुर अनंत स्टेशन को चुना था। इसी बीच आरपीएफ की सक्रियता ने उसकी प्लानिंग फेल कर दी।

सदर थाने की पुलिस से सूचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर मनोज कुमार यादव ने जवानों के साथ राहुल को टिकट काउंटर के पास पकड़ लिया. मोबाइल में भेजी गई तस्वीर से हुलिया मिलते ही उसे गिरफ्तार कर प्रारंभिक पूछताछ के बाद सदर थाने की पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया की सदर थाना क्षेत्र के हसन चक बंगरा गांव में जमीनी विवाद में बीते दो मई को रामशरण महतो की 45 वर्षीय पत्नी मीना देवी को मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था. अस्पताल में इलाज के क्रम में बीते 5 अप्रैल को मीना देवी की मृत्यु हो गई थी. घटना को लेकर रामशरण महतो ने अपनी पत्नी की हत्या का आरोप भतीजे राहुल पर लगाया था। चाची की हत्या करने के आरोप में राहुल को नारायणपुर अनंत स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है. आरोपित ने महिला की हत्या करने का जुर्म कबूल लिया है। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है, वह पूर्वी चम्पारण के पिपरा कोठी इलाके में लूट के मामले में जेल भी जा चूका है.

## विभूतिपुर में पति से बात करते-करते युवती ने की आत्महत्या!

लोकतंत्र की आवाज

**रौशन सिंह**

**बिभूतिपुर।** थाना क्षेत्र के महिषी वार्ड आठ निवासी अरुण शर्मा की गरीब 19 वर्षीय नव विवाहिता पुत्री सिंपी कुमारी ने अपने पति से बात करने के दौरान फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ! इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया !

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सिंपी की शादी करीब एक वर्ष पूर्व ताजपुर के किसी गांव में हुआ था ! वह 8 महीना से विभूतिपुर प्रखंड के महिषी गांव अपने मायके में रह रही थी ! जानकारी के अनुसार सिंपी कुमारी रविवार की देर रात्रि अपने पति से बात कर रही थी ! इसी दौरान अचानक कोई ऐसी बात दोनों के बीच में हो गई कि वह गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली ! जब इसकी जानकारी परिजनों को हुआ तो आनन-फानन में उसे फंदे से उतारा ! इसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है ! वहीं घटना के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है ! इस संबंध में थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि नव विवाहिता युवती थी ! जो आत्महत्या कर ली है ! 1 वर्ष पूर्व शादी हुआ था 8 मार्च से मायके में रह रही थी !

शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है ! परिजनों के द्वारा आवेदन अभी तक नहीं दिया गया है ! आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी !

## नवादा में बदमाशों ने युवक क़ो मारपीट कर किया जख्मी, उसके गोली मारकर किया हत्या का प्रयास

लोक तंत्र की आवाज़

**सुनील कुमार**

**नवादा।** बिहार क़े नवादा से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है, जहां पुरानी विवाद में एक सख्श को बदमाशों ने पहले तो जमकर मारपीट किया ,उसके बाद हत्या करने क़े नीयत से गोली मार दिया. बताया गया कि दहशत फैलाने के उद्देश्य से बदमाशों ने 8-10 राउंड फायरिंग भी किया. गोली जख्मी क़े बाएं हाथ के बांह में लगी है।

परिजनों के सहयोग से युवक क़ो इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जख्मी सख्श की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के बदलू बीघा गांव निवासी स्व. चंदेश्वर प्रसाद का पुत्र उपेंद्र यादव के रूप में किया गया है।



बताया जा रहा है कि होली पर्व में बदलू बीघा और नवादा बीघा गढ़पर गांव के बच्चों के बीच लड़ाई हुआ था. उस समय दोनों पक्ष क़ो समझाकर मामला को शांत कर दिया गया. सोमवार की शाम उपेंद्र यादव गांव के बधार में पशु चरा रहे थे, तभी पड़ोसी गांव नवादा बीघा गढ़पर के कुछ बदमाशों ने उसे अकेले में पकड़ कर जमकर मारपीट किया. जब मारपीट से मन नहीं भरा ,तो बदमाशों ने उसे गोली मारकर चलते बना. जख्मी उपेंद्र की हालात गंभीर बताई जा रही है. जिसे नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ,जहां स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे पावापुरी रेफर कर दिया गया है.

## मोतिहारी: जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ई. गप्पू राय पूर्वी-पश्चिमी चंपारण एव शिवहर में समन्वयक नियुक्त किए

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पु राय ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ० अखिलेश प्रसाद सिंह के सहमति से पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, शिवहर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुये विधानसभा समन्वयक नियुक्त किया गया है।

पूर्वी चम्पारण लोकसभा अंतर्गत विधानसभा हरसिद्धि से सतेंन्द्र नाथ तिवारी, गोबिन्दगंज से विजय शंकर पाण्डेय,केसरिया से ऋषि सिंह, कल्याणपुर से सुमित्रा यादव पिपरा से किरण कुशवाहा, मोतिहारी से ओसैदूर रहमान खान पश्चिमी चम्पारण लोकसभा अंतर्गत विधानसभा रक्सौल से श्री किशोर पाण्डेय, सुगौली से शैलेन्द्र कुमार सिंह, नरकटिया से मुमताज अहमद शिवहर लोकसभा अंतर्गत चिरैया से अखिलेश्वर प्रसाद यादव, मधुबन से विनय कुमार सिंह, ढाका से अफरोज आलम को पत्र जारी कर समन्वयक नियुक्त किया। श्री राय ने पत्र जारी करते हुए कहा कि आप अपने दायित्वों को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन कर इंडिया गठबंधन से समर्थित उम्मीदवारों को विजयी बनने में पुरा सहयोग करें। यह जानकारी जानकारी कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई.शशिभूषण राय उर्फ गप्पु राय ने दी।

## विभूतिपुर में स्कूल पढ़ने गई तीन नाबालिक छात्राएं हुई गायब, जांच में जुटी पुलिस!

लोकतंत्र की आवाज

> ● कोचिंग पढ़ने जाने के लिए घर से निकली थी तीनों छात्राएं, रास्ते से अचानक गायब हो गई

**रौशन सिंह**

**विभूतिपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक ही जगह के तीन नाबालिक छात्रा गांव में ही कोचिंग पढ़ने जाने के दौरान 3 में को अचानक गायब हो गई! जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है ! इसको लेकर गायब एक छात्र की मां ने अपनी बच्ची वह गांव के दो अन्य छात्र-छात्रा की एक लड़की के साथ मिलकर दो युवक द्वारा अपहरण कर लिए जाने की स्थानीय थाने में एक आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है !

जिसमें कहा है की 3 में को उसके करीब 14 वर्षीय पुत्री एवं परोस की एक 16 वर्षीय तथा एक 14 वर्षीय छात्रा गांव में ही एक निजी संस्थान में कोचिंग पढ़ने गई ! जो देर शाम तक लौटकर नहीं आई ! बगल के ही एक 15 वर्षीय बच्ची जो उसके बराबर घर पर आया जाया करती थी ! और उस दिन भी सुबह में उसके बच्चे एवं उपरोक्त दोनों लड़कियों के साथ निकली थी ! देर शाम तक घर नहीं लौटने पर काफी खोजबीन की गई ! रिश्तेदारों के यहां पता लगाया गया परंतु कुछ भी पता नहीं चला !

आगे कहां है कि इसी बीच दबी जुबान से पता चला कि उपरोक्त तीनों लड़की को बराबर आना जाना करने वाली 15 वर्षीय लड़की के सहयोग से चक्र विद्रोह वार्ड 13 निवासी मखन शाह के करीब 18 वर्षीय पुत्र अमित कुमार एवं बिरजू महतो के 18 वर्षीय पुत्र साजन महतो के द्वारा अपहरण कर कहीं ले गया है !

दर्ज प्राथमिकी मैं उसने आशंका जताई है ! क्यों प्राप्त तीनों लड़की को दोनों नाम जद युवक ने कहीं भाग कर ले गया है ! और उसे बेच सकता है ! आगे तीनों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करते हुए तीनों नाबालिक किशोरी को बरामद करने की थाना अध्यक्ष से गुहार लगाया गया है ! थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है ! जल्द ही मामला का खुलासा कर लिया जाएगा !

## शांभवी के लिए समस्तीपुर का सफर आसान नहीं, सन्नी से मिल रही कांटे की टक्कर

लोकतंत्र की आवाज



समस्तीपुर। महागठबंधन के उम्मीदवार सन्नी हजारी जनता से आशीर्वाद मांग कर आगे क्षेत्र का भविष्य संभालने का वादा कर रहे हैं। शांभवी के लिए समस्तीपुर का सफर आसान नहीं, सन्नी हजारी से मिल रही कांटे की टक्कर।

आगामी 13 मई को होने वाले समस्तीपुर सुरक्षित लोकसभा चुनाव के लिए वारिसनगर, कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवारों द्वारा जन संपर्क अभियान तेज कर दिया गया है, इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता भी दिन - रात लगे हुए हैं, घर - घर तक प्रत्येक मतदाताओं से अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए अपील करते हुए देखे जा रहे हैं। सन्नी हजारी जिस क्षेत्र में जा रहे हैं उन्हें बेशुमार मतदाता मालिको का समर्थन मिल रहा है। इस दफा मतदाता बाहरी उम्मीदवार का बायकॉट कर लोकल उम्मीदवार को जिताने का मन बना लिया है। यही वजह है की सन्नी हजारी जहां भी जा रहे हैं उन्हें जनता जनार्दन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। बताया जाता है की सन्नी हजारी वर्तमान में खानपुर प्रखंड के प्रमुख भी हैं। प्रमुख रहते हुए खानपुर क्षेत्र में विकास की झड़ी लगा दी। इसी कारण वश सबके चहेते बन गये। अब देखना है कि आगामी 13 मई को ऊंट किस करवट बैठती है।

## बच्चों के मानसिक विकास की जानकारी देने वाले बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पकरी वर्मा एवम दोस्त एजुकेशन के टीम के द्वारा सेविकाओ का हुआ उन्मुखीकरण

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**संदेश।** अब बच्चों के मानसिक विकास की जानकारी अभिभा वकों को दोस्त एजुकेशन संस्था उपलब्ध करायेगी।इसको लेकर स बाल विकास परियोजना कार्यलय के सभागार में दोस्त एजुकेशन संस्था के ₹परवरिश कार्यक्रम₹ के तहत एकदिवसीय उन्मुखीकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पकड़ीवरमा के महिला पर्यवेक्षक, सेविका का उन्मुखीकरण किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अभिभावक को बच्चों के मानसिक विकास संबंधित जानकारी देना है।बच्चों के मानसिक विकास 5 साल तक तेजी से होता है। इसलिए दबाव न डालते हुए बच्चा को खेल-खेल के माध्यम से कैसे सीखना है इसकी जानकारी दी गई। एक आई वी आर कॉल के माध्यम से बच्चों के माता-पिता को परवरिश योजना की जानकारियां दी जाएगी। यह कॉल कम समय के साथ बिल्कुल मुफ्त रहेगा और इसके लिए किसी भी स्मार्टफोन की आवश्यकता नहीं होगी इसके लिए हम कीपैड फोन का भी प्रयोग कर सकते हैं इसके लिए संस्था ने 08048816963 टाल फ्री नंबर डायल किया है। 3 साल से 7 साल के बच्चे के अभिभावक इस नंबर पर मिस्ड कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मिस्ड कॉल का जवाब संस्था की तरफ कॉल करके दिया जाएगा तथा अभिभावकों की बात सुनी जाएगी। उन्मुखीकरण में CDPO मैडम की शुरू से अंत तक भागीदारी रही उन्होंने कार्यक्रम को समझा एवं उसे आगे बढ़ाने में जो सहयोग होगा उस सहयोग को देने का आश्वासन भी दिया संस्था के ओर से राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक मनजीत कुमार , लंगटनाथ तथा संस्था के जिला समन्वयक सूरज कुमार मौजूद थे। प्रतिभागियों में एलएस मैडम एवं 50 सेविका मौजूद थी ।कार्यक्रम की सफलता में सीडीपीओ मैडम, एवं ऑपरेटर प्रवीण सर का योगदान सराहनीय रहा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### डीएम द्वारा भेजी गई टीम के साथ ग्रामीणों की हुई सफल बातचीत , मतदान के लिए हुए राजी



लोक तंत्र की आवाज़

**अररिया।** दिनांक 05.05.2024 को नरपतगंज विधानसभा के भरगामा प्रखंड के सिमरबनी पंचायत के मिलन चौक इलाके में मीडिया के माध्यम से सड़क संबंधी मांग के कारण मतदान बहिष्कार की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– जिला पदाधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुए पदाधिकारियों की तीन सदस्यों की एक टीम मौके पर भेजी गई। इस दौरान ग्रामीणों के साथ सफल बातचीत हुई। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान अचार संहिता के बाद उनके समस्या के समाधान का आश्वासन देकर मतदान जरूर करने का आग्रह किया गया। अंततः ग्रामीणों ने बात मान ली और वो वोट करने के लिए राजी हो गए हैं। ग्रामीणों ने 07 मई 2024 को बाद चढ़कर मतदान में हिस्सा लेनेकी बात कही। जिला पदाधिकारी के द्वारा इस पर हर्ष व्यक्त किया गया।

### राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एचएम के निधन पर शोक व्यक्त

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक स्व फूलेश्वर रजक के निधन पर शनिवार को संघ सभा प्रशाल मे शोक सभा सह श्रद्धांजलि सभा अध्यक्ष किशोरी साह की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रहकर मृतक के आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। प्रधान सचिव नूनूमणि सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व रजक हमारे समकालीन प्रधानाध्यापक थे। आदर्श आवासीय मध्य विद्यालय परविनिया में पदस्थापित थे। उन्हे 1991 में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे योग्य, मृदुभाषी एवं कर्तव्यनिष्ठ के साथ–साथ व्यवहारकुशल प्रधानाध्यापक थे। इस बद्धांजलि सभा सभा में मिथिलेश कुमार सिंह, सुखदेव मंडल, प्रसून रंजन सिंह, चन्दन कु मिश्र, अरुण कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, राजेश कुमार झा, सच्चिदानन्द झा, मुकेश कुमार आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके कर्तव्यनिष्ठा की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

### आनंद मोहन के पहल पर वोट बहिष्कार के निर्णय को वापस

लोकतंत्र की आवाज

**पतरघट सहरसा संवाददाता।** धबौली पश्चिम के पूर्व मुखिया वैद्यनाथ सिंह की अध्यक्षता में उनके आवास पर ग्रामीण किसानों, मजदूर, युवाओं एवं सामाजिक संगठन कार्यकताओं के साथ बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हमारे नेता पूर्व सांसद आनंद मोहन के पहल पर वोट वहिष्कार के निर्णय को वापस लेते हैं। धबौली के ग्रामीणों द्वारा उठाए गए जन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आनंद मोहन जी सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन सहरसा के पहल पर विद्युत आपूर्ति विभाग द्वारा खेतों में लगे खराब ट्रांसफर्मर को बदलने की करवाई की जा रही है। आनंद मोहन ने कहा लोकसभा चुनाव के बाद धबौली के जन समस्याओं को व्यक्तिगत अभिरुचि लेकर समाधान करने का काम करूंगा। उ– नके आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय वापस लेते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का निर्णय लिया। बैठक का संचालन फ्रेंड्स ऑफ आनंद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार बचनू ने की। बैठक में धबौली युवा मंच के अध्यक्ष सह फ्रेंड्स ऑफ आनंद के प्रदेश सचिव चंद्रभानु रपिंकु, रंजन सिंह, सुनील सिंह, सुबोध सिंह, विनय सिंह, पूर्व सरपंच रंजीत सिंह, मधुकांत झा, प० भाईजी झा, सीताराम कामती, विनोद रजक, सत्य प्रकाश सिंह, सोनू सिंह, निरंजन बबलू, रतन कुमार, भूपेंद्र सिंह, रघुवर ठाकुर, गोनर सादा, विजय पोद्दार, निशांत कुमार, मुकेश सिंह, प्रयाग साह, गणेशी मुखिया, सीता देवी, अहुलिया देवी, विमला देवी, बेचनी देवी, मुखिया देवी, जोतिया देवी, कैली देवी, रंजना देवी, बेचन राम, खुशीलाल सदा, बुधियार सादा, कारी सिंह सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### राज्यसभा सांसद दामाद मनोज कुमार झा की अग्निपरीक्षा, क्या 'गोरलगाई' मिलेगी?

लोक तंत्र की आवाज़



**डा. रूद्र किंकर वर्मा, सुपौल।** सुपौल संसदीय सीट पर आज मतदान है और 04 जून को मतगणना होगी। महागठबंधन उम्मीदवार चंद्रहास चौपाल और एनडीए उम्मीदवार दिलेश्वर कामत के लिए यह परीक्षा है तो सुपौल के सांसद दामाद के लिए अग्निपरीक्षा है। सांसद दामाद राजद के राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा जी हैं जिनका ससुराल सदर प्रखंड के कर्णपुर गांव में है जो ब्राह्मण बाहुल्य बस्ती है। कभी यह इलाका कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। पहले सुपौल भी कांग्रेस की सीट हुआ करती थी लेकिन अब यह राजद के खाते में है और उम्मीदवार इसी लोकसभा क्षेत्र के सिंघेश्वर विधान सभा क्षेत्र के विधायक चंद्रहास चौपाल राजद उम्मीदवार हैं। श्री झा राजद के कद्दावर नेता माने जाते हैं और चूंकि यहां उनका ससुराल है, इसलिए श्री चौपाल को दिल्ली भेजने की जिम्मेवारी श्री झा को ही सौंपी गई है। सांसद श्री झा बीते दो सप्ताह तक जिले के अलग–अलग क्षेत्रों में खूब पसीना बहाया है। ख़ासकर वे पुराने कांग्रेसियों से मिल उन्हें अतीत का हवाला देकर गठबंधन धर्म का पालन करने का आग्रह भी कर रहे थे। वे 'गोरलगाई' के रूप में वोट भी मांग रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि सांसद दामाद का यह प्रयास कितना सफल होता है। अगर वे आधे भी इस प्रयास में सफल होते हैं तो नतीजे चौकाने वाले हो सकते हैं। बाकी जनता–जनार्दन की माया।

# हाथों की सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये कई कार्यक्रम आयोजित

**विश्व हाथ स्वच्छता दिवस**



लोक तंत्र की आवाज़

**डा. रूद्र किंकर वर्मा।**

**अररिया।** हाथों की बेहतर सफाई अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका है। हाथों की उचित सफाई से कई बीमारियों व संक्रमण के प्रसार को प्रभावी तरीके से रोका जा सकता है। हाथों की स्वच्छता को बढ़ावा देने व इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 05 मई को विश्व हाथ स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। इस विशेष दिवस के मौके पर जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए लोगों को हाथों की साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखने व दूसरों को भी इसे लेकर प्रेरित करने के लिये प्रेरित व प्रोत्साहित किया गया।

**हाथों की उचित सफाई से कई रोगों से बचाव संभव :** सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि विश्व हाथ स्वच्छता दिवस का मूल उद्देश्य जीवन बचाएं अपने हाथों को साफ करें अभियान का बढ़ावा देना है। डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 2009 से संचालित ये विशेष अभियान वैश्विक स्तर पर हाथों की स्वच्छता को बढ़ावा देना व लोगों को इसके उपयोगिता के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व हाथ स्वच्छता दिवस हाथों की स्वच्छता सहित संक्रमण की रोकथाम व नियंत्रण पर नवीन व प्रभावशाली प्रशिक्षण व शिक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के ज्ञान व क्षमता संर्द्धन को बढ़ावा संबंधी उद्देश्य की प्राप्ति को लक्ष्य मानकर आयोजित किया जा रहा है।

**सफाई के उचित तकनीक का प्रयोग जरूरी :** सदर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ आकाश कुमार ने बताया कि हाथों की समुचित सफाई हमें कई गंभीर बीमारी व विभिन्न संक्रामक रोगों के प्रभाव से मुक्त रखता है। हाथों की सफाई कब जरूरी है और हाथ कैसे धोया जाय इस संबंध में हर एक व्यक्ति को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बेहतर तरीके से हाथों की सफाई के लिये ये जरूरी है कि हाथों को बहते पानी में पहले गीला किया जाये। हाथों में साबुन ठीक से लगायें। अच्छी तरीके से साबुन लगे हाथों के पिछले हिस्से, उंगलियों के बीच, नाखूनों के नीचें हल्के हाथों से कम से कम 20 सकेंड तक रगड़ें। इसके बाद हाथों की ठीक से धोलें। फिर सूखे तौलिये से हाथों को सुखाना जरूरी होता है।

**कब जरूरी है हाथों की सफाई :** हाथों की जरूरी कब जरूरी है इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि खाद्य पदार्थ या किसी तरह के पेय पदार्थ के सेवन से पूर्व, भोजन तैयार करने से पूर्व, कोई दवा लेने या किसी घाव की सफाई से पहले किसी बीमार व्यक्ति से मिलने व उनकी देखभाल से पूर्व व बाद में, शौच के बाद, बच्चों का डायपर बदलने के बाद, कूडा फेंकने, पशु चारा व अपशिष्ट प्रबंधन के बाद हाथों की सफाई बेहद जरूरी होता है।

### सहयोग अध्यक्ष डॉ अजीत ने अररिया में होने वाले मतदान को लेकर चलाया मतदान जागरूकता कार्यक्रम




लोक तंत्र की आवाज़

**भरगामा।** सहयोग अध्यक्ष डॉ.अजीत प्रसाद सिंह के द्वारा अपने वॉलिंटियर्स एवं कौशल विकास केंद्र महथावा ब्लॉक भरगामा जिला अररिया के कोऑर्डिनेटर निरंजन कुमार निराला प्रशिक्षक रोशन कुमार आशीष कुमार के साथ मिलकर मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महथवा एवं भरगामा ब्लॉक के विभिन्न जगह पर लोगों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया डॉ अजीत ने बताया प्रजातंत्र मे मतदान अति आवश्यक है क्योंकि मतदान के द्वारा ही जनतंत्र प्रजातंत्र एवं अपनी सरकार की रक्षा की जा सकती है अगर हम सबको अपना अधिकार चाहिए तो अपने कर्तव्य का पालन करना ही होगा

साथ ही साथ अपने समाज के सभी वर्गों को इसके प्रति जागरूक करना भी हमारा मौलिक अधिकार है कौशल विकास केंद्र भरगामा के कॉर्डिनेटर निरंजन कुमार निराला ने कहा समाज राज्य एवं देश की रक्षा के लिए बिना किसी लोभ लालच का देश हित में कार्य करने वाले दल एवं सुयोग्य व्यक्ति को चुने किसी भी लोभ लालच में ना आवे किसी के बहकावे में नहीं आवे गुप्त मतदान निर्भीक और निडर होकर करें अगर आप शिक्षा स्वास्थ्य कृषि रोड रेल समग्र विकास प्रशासनिक सुधार भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना चाहते हैं तो सबसे पहले स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर अपना मतदान करें अपने आप को भ्रष्टाचार में लिपत नहीं होने दे शराब शबाब कबाब 2 दिन की खुशी कुछ पैसों के लिए अपने मतदान को नहीं बेचे निर्भीक और निडर होकर मतदान करें जहां किसी प्रकार की कोई दबाव और डर दिखाया जाए चुनाव आयोग एवं प्रशासन से सहयोग लें हर हाल में अपना मतदान करें और अपने समाज के सभी वर्गों को मतदान के प्रति जागरूक करके मतदान करने के लिए प्रेरित करें 07 मई को अपना वोटर आईडी कार्ड लेकर अपने बूथ पर अवश्य पहुंचे और अपना मतदान करें।

> ● मतदान के द्वारा ही जनतंत्र प्रजातंत्र एवं अपनी सरकार की रक्षा की जा सकती है

### लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान ने सिमरी बख्तियारपुर में किया रोड शो

लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता।** खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के लोजपा (आर) के प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में पार्टी सुप्रीमो चिराग पासवान ने सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद मुख्य बाजार के विभिन्न इलाकों में रोड शो कर मतदाताओं से समर्थन मांगा। इस दौरान चिराग पासवान की एक झलक पाने के लिए सड़कों पर लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कई जगहों पर चिराग पासवान पर फूलों की बारिश भी की गयी।

रोड शो के क्रम में सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद उच्च विद्यालय मैदान से स्टेशन चौक पर दुर्गा स्थान मंदिर में मां दुर्गा को प्रणाम कर मुख्य बाजार, ब्लांक रोड़, डाक बंगला चौराहा, पुरानी बाजार, रानीबाग, मालगोदाम रोड होते हुए पुनः उच्च विद्यालय के मैदान में पहुंच कर हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर गए। साथ में जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश कुशवाहा एवं खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा भी साथ में थे। रोड़ शो में चारपहिया वाहन एवं मोटरसाइकिल का काफिला भी साथ चल रहा था। मौके पर लोजपा सुप्रीमो ने कहा कि 'लोकतंत्र का यह महोत्सव देश एवं प्रदेश को विकास पथ पर अग्रसर करने का माध्यम है। इस महापर्व का उत्सव सभी मतदाता हर्ष एवं उल्लास से मनाएं और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आपकी भागीदारी से ही लोकतंत्र की नींव और मजबूत होगी। उन्होंने खगड़िया लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा को अजेय बहुमत से जिताने की अपील की। एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा ने कहा कि खगड़िया लोकसभा के विकास के लिए अपना बहुमूल्य वोट हेलीकॉप्टर छाप देकर विजई बनाए। मैं खगड़िया के जनमानस के सपनों को साकार रूप देने का कृतसंकल्पित हूं।

### पेंसनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज की मासिक बैठक संपन्न

लोक तंत्र की आवाज



**फारबिसगंज।** बिहार राज्य पेंसनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज की मासिक बैठक स्थानीय पेंसनर भवन में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सभापति उमेश प्रसाद वर्मा ने किया जबकि मंच संचालन उप सभापति शिवनारायन दास उर्फ भानू जी तथा उपसचिव सह मीडिया प्रभारी विद्यानंद पासवान ने किया। गत बैठक की कृत कारवाई की संपुष्टि की गई।

सभापति श्री वर्मा ने ऐसे पेंसनर जिन्हें 7 वें वेतन का लाभ नहीं मिल रहा है उन्हें हर संभव मदद करने की बात कही, उन्होंने सदस्यों को पेंसनर समाज की मासिक पत्रिका मंगवाने की भी सलाह दिए। सचिव मधुसूदन मंडल ने सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में नए सदस्य के रूप में जीवानंद झा, बिनोद पासवान, चंद्रकला देवी ने सदस्यता ग्रहण की। लोकसभा चुनाव के प्रथम एवं द्वितीय चरण में मत प्रतिशत घटने से चिंता जाहिर की गई। आगामी 7 मई को अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए जन जागृति फैलाने का निर्णय लिया गया कि पहले मतदान तब जलपान किया जाय। उपसभापति सच्चिदानंद मेहता, कोषाध्यक्ष शांति कुमारी, हरिशंकर झा, जनार्दन पारखी आदि ने भी संबोधित किया। ली अकादमी से सेवानिवृत प्राचार्य यदुनंदन पौदार के असामयिक निधन पर उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। अंत में सभापति के संबोधन पश्चात बैठक की कार्यवाही समाप्त कर दी गई। मौके पर उप सचिव योग नारायण दास, दिलीप कुमार अग्रवाल, विश्वनाथ पासवान, हरिनारायण रजक, मनोरंजन प्रसाद, जगन्नाथ मंडल, दयानंद यादव, मदन प्रसाद यादव, खड़ानंद साह, सूर्यकांत ठाकुर, जीवुत नारायण कुंवर, राम नारायण झा, रामानंद झा, अरुण कुमार मिश्र, इंदुषेखर सिंह, नारायण प्रसाद विश्वास आदि मौजूद थे।

### कंदाहा स्थित सूर्य मंदिर में सूर्य नमस्कार योग कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** जिले के महिषी प्रखंड स्थित ऐतिहासिक कंदाहा सुर्य मंदिर परिसर में रविवार को योग साधक प्रभाकर के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराते हुए योग साधक प्रभाकर ने कहा समय अभाव के कारण शारीरिक दुख परेशानी रहते हुए भी योग से जुड़ नहीं पाते हैं। उनके लिए कम समय में ही सूर्य नमस्कार संपूर्ण योग अभ्यास है।

प्रातः काल सूर्योदय के समय पूर्वाभिमुख होकर साधक केवल सूर्य नमस्कार योग कर ले संपूर्ण 84 लाख आसनों का लाभ प्राप्त कर सकेगा। विधिवत सूर्य नमस्कार करने से अद्भुत लाभ होता है। सूर्य नमस्कार में 12 आसन होते हैं। उनको दोहराने से एक चक्र हो जाता है। सूर्य नमस्कार के अभ्यास करने से शारीरिक और आध्यात्मिक लाभ एक साथ होता है। ऐसी मान्यता है की एक चक्र सूर्य नमस्कार करने से एक गाय दान देने के बराबर फल प्राप्ति होता है। साथ ही एक चक्र सूर्य नमस्कार से एक बार गंगा स्नान करने का फल प्राप्त होता है। एक चक्र सूर्य नमस्कार में संपूर्ण 84 लाख आसनों का लाभ मिलता है। सूर्य नमस्कार करने से कई तरह के शारीरिक लाभ प्राप्त होता है।

> ● प्रातः काल सूर्योदय के समय पूर्वाभिमुख होकर साधक केवल सूर्य नमस्कार योग कर ले संपूर्ण 84 लाख आसनों का लाभ प्राप्त कर सकेगा

### अबकी बार उड़नखटोला देखने को नही नेताओं की सभा नही होने से मतदाता भी सुस्त नेताओं का दर्शन तक नही

लोकतंत्र की आवाज

**पतरघट सहरसा संवाददाता।** मंगलवार को होने वाली मतदान के लिए शाम ढलते ही प्रचार प्रसार का दौर थम गया। इस बार मतदाताओं में कोई खास उत्साहित नहीं दिख रहा है हालांकि प्रखंड क्षेत्र के ग्यारहों पंचायत का 96 मतदान केन्द्रों पर मतदान के लिए लगभग 93356 मतदाताओं की संख्या निर्धारित है।

मौलिक अधिकारों का महापर्व मतदान में मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाता रहा है। उसके बावजूद भी पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस वार चुनाव प्रचार प्रसार का धमक कम रहा। इस वार पतरघट प्रखंड के मतदाताओं को किसी भी पार्टी नेताओं का दर्शन नहीं हुआ। और न ही उड़नखटोला देखने को मिला है। प्रखंड क्षेत्र में एक भी जगहों पर बड़े नेताओं की सभा नहीं होने से मतदाता भी सुस्त पड़े हैं। एक दो वार प्रत्याशीयों का जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को दर्शन हुई हैं। वो खास से आम नहीं हो सका। कारण जो भी रहा हो मतदान के प्रति पिछले लोकसभा चुनाव से इस वार मतदाताओं को जे मतदान के प्रति विशेष अभिरुचि नहीं दिख रहा हैं। निष्पक्ष एवं निर्भिकता से स्वच्छ मतदान के लिए पुलिस पदाधिकारी द्वारा एरिया डोमिनेशन के तहत फ्लैग मार्च किया गया। क्षेत्र में जगह–जगह अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती में वाहन चेकिंग, एरिया डोमिनेशन व फ्लैग मार्च जारी है।

## अररिया लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग आज,20 लाख 18 हजार 474 मतदाता करेंगे मतदान

लोक तंत्र की आवाज़

**अररिया।** भारत नेपाल सीमा से जुड़े सीमांचल का चर्चित संसदीय सीट अररिया में मंगलवार को मतदान होना है।शांति पूर्ण एवम भय मुक्त मतदान के लिए जिला प्रशासन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दफे अररिया लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 18 हजार 474 मतदाता मतदान करेंगे। मतदाता मतदान के लिये पूरी तरह से तैयार हैं आसमान में उमड़े बादलों के कारण मौसम में थोड़ी नमी आयी है, किंतु मतदाताओं ने जिस प्रकार से गहरी चुप्पी साथ ली हैं, उससे चुनाव में उमंग नहीं दिख रहा है।

### शांतिपूर्ण एवम भयमुक्त मतदान के लिए प्रशासनिक सारी तैयारियां पूरी




बहरहाल 07 मई को तीसरे चरण के लिए जिले के 03 मुख्य दलों सहित 06 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं. इनमें भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह, राजद प्रत्याशी शाहनवाज व बहुजन समाज पार्टी के गौसूल आजम के अलावा मो इस्माइल, जावेद अख्तर, अखिलेश कुमार, मुस्ताक आलम, मो.मोबिनुल हक, शत्रुध्न प्रसाद सुमन शामिल हैं.

## सुपौल में निर्दलीय प्रत्याशी को रात में उठा ले गए, फंदे से लटका कर की पिटाई

लोक तंत्र की आवाज़

**सुपौल।** लोकसभा चुनाव लड़ने वाले निर्दलीय प्रत्याशियों की अब बिहार में जान से मारने की कोशिश भी होने लगी है. मामला सुपौल से सामने आया है. सुपौल लोकसभा सीट पर सात मई को चुनाव होने वाला है. ऐसे में चुनाव से पहले निर्दलीय प्रत्याशी मो. कलीम खान की बदमाशों ने हत्या की कोशिश की है. फिलहाल सदर अस्पताल में कलीम खान का इलाज चल रहा है.

बताया जाता है कि रविवार (05 मई) की रात करीब दो बजे तीन बदमाश मो. कलीम खान को घर से उठा ले गए. काले रंग की स्कॉर्पियो से बगीचे में ले जाने के बाद फंदे से लटकाकर उन्हें मारने की कोशिश की गई।सोमवार (06 मई) की सुबह बगीचे से बेहोशी की हालत में गांव वालों ने मो. कलीम खान को देखा. इसके बाद इलाज के सदर अस्पताल में भर्ती कराया. उनकी हालत खतरे से बाहर है.

**दरअसल यह पूरा मामला:** पीपरा थाना इलाके के ठाढी भवानीपुर का बताया जाता है. निर्दलीय प्रत्याशी मो. कलीम खान ने बताया कि उन्होंने रविवार को प्रचार–प्रसार समाप्त होने के बाद लोगों के साथ देर रात तक बैठक की थी. इसके बाद खाना खा कर वह सोने चले गए. इसी बीच रात के करीब दो बजे कुछ लोगों ने आवाज दी. वो जब बाहर निकले तो उन्हें हथियार के बल पर एक काले रंग की स्कॉर्पियो में ले जाकर बदमाशों ने बंद कर दिया जहां उनके साथ मारपीट की गई।

कलीम खान ने बताया कि बदमाश गांव के ही एक बगीचे में ले गए. वहां एक पेड़ पर फंदे से लटका दिया और मारने की कोशिश की. इसी दौरान पेड़ की टहनी टूट गई और उनकी जान बच गई. सुबह लोगों ने उन्हें बेहोशी की





हालत में देखा जिसके बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया. घटना के बाद जिले के सिविल सर्जन ने खुद पहुंचकर उनकी जांच की. उनकी हालत खतरे से बाहर है. उधर घटना के बाद एसपी शैशव यादव ने जांच के आदेश दे दिए है. जांच के बाद मामला और स्पष्ट हो पाएगा कि किस लिए इस पूरी घटना को अंजाम दिया



## संक्षिप्त खबरें ।

### गरीब के आशियाने में लगी आग , सारा सामान जलकर हुआ राख



**लोक तंत्र की आवाज़**

**मोहनपुर।** क्षेत्र के झालर पंचायत के जमरो गांव के गुरमा राउत के मकान में बीती रविवार रात को शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। तेज हवा के चलते आग और भी ज्यादा भड़क गई। देखते ही देखते आग ने अपने आसपास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की कड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण उठी चिंगारी से कच्चे मकान पर आग लग गई। तेज हवा के कारण आग फैलती चली गई। जिसके कारण उसके घर में लगी आग ने सारा सामान को जलाकर राख कर दिया है। गुरमा राउत ने बताया कि बहुत ही गरीब है और पूरा परिवार मजदूरी करके पेट पालता है। गरीब के चलते परिवार आज भी कच्चे मकान में रह रहा था लेकिन आग लगने से परिवार भुखमरी की कगार पर आ गया है। और अनाज का दाना तक उसके पास नहीं बचा है। उसके परिवार के सामने रोटी का संकट भी खड़ा हो गया। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से परिवार की आर्थिक मदद दिलाने की मांग की है।

### कामरेड अतुल अंजान की निधन पार्टी की अपूर्णीय छती: रूचिर तिवारी



**लोक तंत्र की आवाज**
**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** मेदिनीनगर कचहरी प्रांगण में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। एवं 2 मिनट का मौन रखकर कामरेड अतुल कुमार अंजान को श्रद्धांजलि दी गई एवं लाल सलाम पेश किया गया। कामरेड अतुल कुमार अंजन देश के किसान मजदूर के आंदोलन का हमेशा अगुवाई करते थे इनका निधन 2 मैं को लखनऊके नानावटी हॉस्पिटल में कैंसर की कैंसर के बीमारी के चलते निधन हो गया वह एक माह से बीमार थे। उनके निधन से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आंदोलन को भारी अपूर्णीय क्षति हुई है। यह छात्र आंदोलन से जुड़े हुए थे और लखनऊविश्वविद्यालय के छात्र संघ के 4 बार अध्यक्ष भी रहे हैं और इसके बाद अखिल भारतीय नौजवान सभा के महासचिव भी रहे। जिला सचिव श्री रुचिर तिवारी ने कहा कि कामरेड अतुल अंजान विद्वान एवं किसान मजदूर एवं छात्र नौजवानों के भी लोकप्रिय नेता थे इसी का परिणाम है कि वह लखनऊविश्वविद्यालय के चार बार अध्यक्ष रहें । श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, कृष्ण मुरारी दुबे, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव अभय कुमार,ललन कुमार सिन्हा, गणेश राम, आलोक कुमार तिवारी, सोहेल अख्तर, रंजीत कुमार सिंह अजेश चौहान, चंद्रशेखर तिवारी।

### झारखंड ग्रामीण बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र की सुविधाओं से वंचित है आस पास गांव के ग्रामीण

**लोकतंत्र की आवाज़**
**निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ**

**पाण्डेयपुरा(चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा मे झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के अलग अलग गांवो मे ग्राहक सेवा केंद्र के कोड का वितरण बैंक के द्वारा किया गया था पर ये सभी ग्राहक केंद्र अपने निश्चित लोकेसन पे न संचालित हो कर बैंक के अगल बगल ही संचालित किये जा रहे है। इस बाबत जब झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक पाण्डेयपुरा के शाखा प्रबंधक से जब दूरभास पे बात किया गया तो उन्होंने लिखित आवेदन देने की बात कही जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि अगर बैंक से सम्बन्धित कार्य को विधिवत संचालन के लिए भी आवेदन देना पड़े तो फायदा ही क्या है।ग्रामीणों का तो ये भी कहना है की ग्राहक सेवा केंद्रो पर निकासी और जमा के लिए भी गरीब जनता से रुपये ऐठने का काम भी किया जा रहा है।ग्राहक सेवा केंद्रो के संचालक बैंक के अधिकारियों की निष्क्रियता का लाभ उठा कर अपने निश्चित लोकेसन को छोड़ कर अपने मन मुताबिक् स्थल पर ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन कर रहे है।अगर ग्राहक सेवा केंद्र के लिए लोकेसन महत्व नही रखता है तो अलग अलग लोकेशन पे ग्राहक सेवा केंद्र बैंक द्वारा क्यो दिये जाते है ये विचारणीय है।देखा जाये तो ग्राहक सेवा केंद्र का मतलब ही ये है की ग्रामीणों क्षेत्रो तक बैंकिंग सुविधा खाताधारियों तक पहुँचाना।खाताधारी को अगर बैंक के अगल बगल ही जाना पड़े तो खाताधारी बैंक मे ही जा कर अपना बैंक से सम्बन्धित कार्य क्यो ना कर ले। बैंक के वरिष्ठ अधिकारियो को उक्त सभी बातो पे विचार करते हुए ग्राहक सेवा केंद्र को अपने निश्चित लोकेसन पर संचालित करवाने की जरूरत है ताकि खाताधारियों को ग्राहक सेवा केंद्र का लाभ मिल सके।

# राजमहल लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी, 14 मई तक नामांकन कार्य पूर्ण होगा

**लोकतंत्र की आवाज**

**मामलोत सेख**

**राजमहल।** लोकसभा चुनाव–2024 की तारीख की घोषणा होते ही साहेबगंज जिला में 16 मार्च,2024 से आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। राजमहल लोकसभा में एक जून को वोट डाले जायेंगे। समाहरणालय सभागार में प्रेस कांफ्रेंस में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की अध्यक्षता में प्रेस मीडिया वार्ता का आयोजन किया गया ।

उन्होंने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि सातवें चरण में राजमहल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में अधिसूचना निर्गत करने की तिथि 7 मई को होगा। 14 मई तक नामांकन फाइल किया जा सकेगा ।15 मई को स्क्रूटनी होगी तथा नाम वापसी की तिथि 17 मई है। 01 जून को वोटिंग और 04 जून को मतगणना होगी।अपर समाहर्ता ने कहा कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 1702033 मतदाता हैं. साहेबगंज जिला में कुल मतदाता के संख्या 860254 है जिसमें पुरुष के संख्या 433755 व महिला 427094 एवं थर्ड ट्रांसजेंडर की संख्या 05 है अन्य पाकुड़ क्षेत्र के अंतर्गत कुल मतदाता संख्या 841179 हैं जिनमें पुरुषों की संख्या 416158 व महिला 425019

### प्रेस वार्ता कर दी लोकसभा चुनाव- 2024 की जानकारी



वही थर्ड ट्रांसजेंडर की संख्या 02 है।

सभी चेकपोस्ट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये। 100 मीटर के दायरे में बैरिकेडिंग, नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन आदि बिंदुओं जानकारी दी ।

प्रेस कांफ्रेंस में अपर समाहर्ता ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू हो।इसमें मीडिया की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है।

पोलिंग पार्टी का गठन भी रैंडमाइजेशन से होगा। निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने की तैयारियां पूरी कर ली गयी है।साथ ही राजनीतिक दल के साथ बैठक कर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने राजनीतिक दलों को नामांकन प्रक्रिया की जानकारी दी।मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार एवं प्रेस मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे ।

### जीरो ऐरर पर चुनाव कराना हमारा लक्ष्य कार्य में कोताही अक्षम्य:डीडीसी



**लोक तंत्र की आवाज**

**● सेक्टर पदाधिकारियों को मिला चुनाव प्रशिक्षण**

**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू के आदेशानुसार सोमवार को स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में सेक्टर पदाधिकारियों को चुनाव प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी,जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोलिंग पार्टी के बीच की कड़ी होते हैं।इसलिए सेक्टर पदाधिकारी को हर बिन्दु की जानकारी होनी चाहिए तथा चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप उसे व्यावहारिक रूप देने की क्षमता होनी चाहिए।जीरो इरर पर चुनाव कराना हमारा लक्ष्य है।इसलिए कार्य में कोई भी कोताही अक्षम्य है।

उन्होंने पोलिंग पार्टी के साथ समन्वय,मतदान केन्द्र पर पहुंचने, रिजर्व सामग्री का रखरखाव व आवश्यकतानुसार उपयोग,विहित प्रपत्र में रिपोर्टिंग व सुरक्षित वापसी सहित प्रत्येक विन्दुओं पर संवाद करते हुए प्रशिक्षण व मार्गदर्शन दिया।वहीं कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने त्रुटि रहित रिपोर्टिंग पर विस्तार से जानकारी दी।मौके पर हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी,छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार,एलआरडीसी प्यारेलाल, छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा एवं डीएसओ प्रीति किस्कू मौजूद थे।जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने इवीएम रिप्लेस करने के समय बरते जानेवाली सावधानियों, विजिट सीट,माकपोल एवं अनेक कठिन विन्दुओं की जानकारी दी। इसे सफल बनाने में प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, जिला प्रशिक्षक अमरेन्द्र पाठक,अजित कुमार व राजन बाखला सक्रिय रहे।वहीं दूसरी ओर हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में जिला प्रशिक्षक रामानुज प्रसाद एवं अशोक सिंह के अनुसमर्थन में पीडब्ल्यूडी बूथ के मतदानकर्मी सहित 261 पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण दिया गया।

### जितना अधिक मतदान का ग्राफ बढ़ेगा, उतना ही मजबूत हमारा लोकतंत्र : पप्पू यदुवंशी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**मोहनपुर।** युवा जन सेवक पप्पू यदुवंशी ने लोगो से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने जागरुक करते हुए कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र की क्या पहचान, शत प्रतिशत हो मतदान, जितना अधिक मतदान होगा उतना ही मजबूत हमारा लोकतंत्र होगा । वोट डालना हर मतदाता का कर्तव्य है । उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।चुनाव में वैसे जनप्रतिनिधि का चुनाव करें जो रोजगार ,शिक्षा, बिजली, पानी , सड़क,स्वास्थ्य एवं क्षेत्र के मूलभूत सुविधाओं पर काम करें ।

साथ ही राज्य में हो रहे यहां की मजदूरों की पलायन न हो, इस पर ध्यान दे सके। ऐसे लोकतंत्र का यह महापर्व हमें अवसर




देती है। एक बेहतरीन नेता का चुनाव करने का जो हर सुख दुख में साथ हो।

### एनएच 98 कण्डा से लेकर खमडीहा तक सड़क निर्माण योजना में संवेदक द्वारा बरती जा रही भीषण अनियमितता के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा: शत्रुघ्न कुमार शत्रु

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु के रबदा टोला अम्बेडकर नगर स्थित आवासीय कार्यालय में आज एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर जेकेएम के केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष रामप्रसाद बौद्ध व जेकेएम के नावाबाजार प्रखण्ड अध्यक्ष सह रबदा पंचायत के वार्ड सदस्य संतोष राम ने कण्डा मुख्य पथ एन०एच०98 से लेकर खमडीहा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहे सड़क निर्माण योजना में बिना योजना के प्राक्कलन सम्बंधी बोर्ड गाड़े हुए संवेदक द्वारा घटिया निर्माण कार्य कराने की कड़ी आलोचना करते हुए उग्र आन्दोलन की चेतावनी दिया है।



प्रेस को संयुक्त रूप से सम्बोधित करते हुए झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने कहा कि क्षेत्रीय सांसद व विधायक के इशारे पर आचार संहिता लागू होने के बाद आनन–फानन में शिलान्यास करवाकर चुनावी अवधि में अज्ञात संवेदक द्वारा युद्धस्तर पर घटिया व गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्रियों का प्रयोग कर थर्ड ग्रेड के रोड का निर्माण उच्चस्तरीय जांच का विषय है।वार्ता में उपस्थित ग्रामीणों व नेताओं ने कहा है कि संवेदक द्वारा तीन या चार करोड़ रुपए की लागत से बननेवाले लगभग पांच किलोमीटर के इस सड़क में पुराने व जर्जर हो चुके पुल/पुलियों को ना तो नये सिरे से बनाने की मंशा है ,और ना ही विभागीय गाइडलाइन के अनुसार गुणवत्ता युक्त कोई काम हो रहा है।लकड़मुड़ी टोला से पहले ढोड़राही महुआ के पास बन रहे पुल निर्माण के लिए जिस घटिया बालू का भंडारण किया गया है,वह अत्यंत ही घटिया व मिट्टी मिश्रित बालू है,वार्ता को सम्बोधित करते हुए नेताओं ने कहा है कि ग्रामीण आवासीय क्षेत्रों में खासकर जहां पर चापानल व नलकूप जैसे पेयजल संयंत्र लगे हैं, वहां पर पीसीसी रोड बनाने की आवश्यकता है, लेकिन वैसे क्षेत्रों में अलकतरा वाली कालीकरण रोड बनाने से काफी नुकसान होता रहा है।पानी के अत्यधिक बहाव व ईट्ट भट्ठा वाले भारी वाहनों के प्रयोग से अलकतरा से बने सड़क गढ्ढों में तब्दील हो जाती है,

प्रेस को सम्बोधित करते हुए झारखण्ड क्रांति मंच के अध्यक्ष ने कहा है कि यह सड़क इस इलाके का लाइफलाइन है, जिसके पास हमारा पैतृक घर अवस्थित है।किसी भी स्थिति में इस सड़क की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद जिले के उपायुक्त समेत सम्बन्धित विभाग के पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कर आन्दोलन प्रारम्भ कर दिया जाएगा।प्रेस वार्ता में राजेश राम, धर्मेंद्र राम,कोदू राम व मानकी राम समेत काफी संख्या में लोग भी उपस्थित थे।

## गिरिडीह लोकसभा से एनडीए तथा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने किया पर्चा दाखिल

**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा, ( ब्यूरो चीफ )**

**गिरिडीह झारखंड।** गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से एनडीए और इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ने सोमवार को अपना नामांकन कराया एनडीए से आजसु के चंद्र प्रकाश चौधरी और इंडिया गठबंधन से झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने अपने–अपने समर्थकों के साथ बोकारो समाहरणालय पहुंचकर निर्वाचित पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया इस दौरान दोनों दलों के कई दिग्गज नेता और काफी संख्या में उनके समर्थक साथ रहे।

नामांकन के दौरान आजसु उम्मीदवार श्री चंद्र प्रकाश चौधरी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष



बाबूलाल मरांडी बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आजसु सुप्रीमो सुदेश महतो विधायक लंबोदर महतो ,मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।मौके पर श्री चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पर के लक्ष्य को पूरा करने में गिरिडीह लोकसभा सीट भी शामिल होगी कहां जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से 25 मई को होने वाले मतदान में उन्हें बहुमत हासिल होगी।

इंडिया गठबंधन /सह झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के साथ मंत्री बेबी देवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव एवं सुप्रियो भट्टाचार्य समेत पार्टी एवं गठबंधन दल के अन्य नेताओं की उपस्थिति रही नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद मथुरा महतों ने कहा की क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद उन्हें मिला है और इस बार लोकसभा चुनाव में भी जनता का भरपूर समर्थन उनके साथ है जनता के आशीर्वाद से गिरिडीह लोकसभा सीट पर उनकी जीत होगी। राजनीति की यह खेल भी अजीब है जनता का जनता के द्वारा जनता के लिए चुने जाने वाले बेचारी जनता को किसी दल का किसी ने छोड़ा नहीं।

### मोहनपुर पुलिस ने 25 मवेशियों को कराया मुक्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**लोक तंत्र की आवाज़**

**मोहनपुर।** पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है पुलिस ने 25 पशुओं को मुक्त करते हुए तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। मोहनपुर थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पुलिस को यह सफलता मिली है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिकअप वैन से पशुओं को लोड कर मोहनपुर की ओर से लाया जा रहा है जहां उसे पालोजोरी हटिया की ओर ले जाएगा। यह सूचना मिलने के बाद मोहनपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में रात्रि में बलथर की ओर से आ रही ? पिकअप वैन चूलिहया हाई स्कूल के पास विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया।

**कुल 25 पशुओं को पुलिस ने कराया मुक्त 3 तस्कर गिरफ्तार :**



पुलिस ने मवेशी लदे तीन पिकअप वैन जब्त कर लिया। तलाशी के दौरान पीकॉक वैन पर 25 पशु पाए गए । पुलिस ने तत्काल तीनों पिकअप को जप्त कर तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।


**छापेमारी टीम में ये थे शामिल:** थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार,श्वेत प्रकाश दुबे, सरवन कुमार यादव, राकेश कुमार, राम कुमार साह,रोहित कुमार, बंसीलाल यादव शामिल थे।

## झारखंड में मंत्री आलमगीर के पीएस के नौकर के घर से 20 करोड़ कैश बरामद, नोटों की गिनती अभी भी जारी

**लोकतंत्र की आवाज**

**झारखंड।** देश में चल रहे चुनाव के बीच झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के कई ठिकानों पर एऊकी रेड हुई है। इस दौरान एऊको बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। छापेमारी में भारी मात्रा में कैश बरामद की हुआ है। इस दौरान अभी तक एऊने 20 करोड़ कैश बरामद कर लिए हैं जबकि नोटों की गिनती जारी है। ईडी ने आलमगीर आलम के पीएस के सहायक समेत कई और ठिकानों पर छापेमारी की है। जिसमें राज्य के पथ निर्माण विभाग में इंजीनियर विकास कुमार के रांची स्थित आवास पर भी छापेमारी चल रही है।

झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पर्सनल



असिस्टेंट (पीएस) संजीव लाल के घरेलू सहायक के रांची आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई की। इस दौरान संजीव लाल के घरेलू सहायक के आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है.

फरवरी 2023 में ईडी ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र के. राम को गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम पर विभाग से जुड़े कुछ योजनाओं के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में ईडी ने जांच करते हुए मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के सहायक के ठिकाने पर छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में कैश बरामद की गई है।

**10 हजार के भ्रष्टाचार से शुरू हुई थी जांच:** दरअसल इस मामले में ईडी के सूत्रों की मानें तो छापेमारी में जो रकम बरामद की जा रही है वो काली कमाई का हिस्साा है। मामला 10 हजार रुपये के रिश्वत से शुरू हुआ था, जिसके जांच में पता चला कि राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के विभाग में भ्रष्टाचार चल रहा है। ऐसी स्थिति में ईडी को आलमगीर आलम के नौकरों के बारें पता चला जिसके बाद उनके ठिकानों पर छापेमारी की गई। जहां से भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। जिसको देख ईडी के अधिकारी हैरान हैं।

**सरपंच बनकर आलम ने शुरू की थी राजनीति:** राज्य के संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम वर्तमान समय में पाकुड़ विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर विधायक हैं। सरपंच से राजनीति की शुरुआत करने वाले आलम साल 2000 में पहली बार नए नवेले राज्य झारखंड के पाकुड़ विधानसभा से विधायक बनें। इसके बाद वो साल 2004, 2014 और 2019 में भी विधायक बनें। इससे पहले आलम साल 2006 से 2009 तक झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष भी रहे।

### गुरुबारी सबर व उसका परिवार प्रचंड गर्मी में कुआ के गंदे पानी से बुझाते हैं प्यास

**लोकतंत्र की आवाज**

**जादूगोड़ा/पोटका ।** एक ओर झारखंड सरकार विलुप्त होती सबर जनजाति को बचाने के लिए साल में करोड़ों रुपया खर्च करती है । वहीं पोटका प्रखंड 02 अंतर्गत नारदा पंचायत के कुंदरूकोचा गांव से सटे कायरा झरना उर्फ केला झरना निवासी गुरुबारी सबर बदहाल जिंदगी जीने को विवश है । जंगल में उगे जंगली फल या लकड़ी बेच कर अपनी जीविका चलाती है । पीने को पानी नहीं है, ऐसे में कुआ का गंदा पानी से अपने व अपने बच्चों की प्यास बुझाती है । न तो बिजली है और न ही सड़क । रहने के लिए पेंशन से मिली राशि से चदरा का छत बनाकर टूटी–फूटी घर में रहने को विवश है. कायरा झरना तक बिजली नहीं आने से आधा दर्जन सबर ढिबरी युग में जीने को विवश हैं. गांव के ग्राम प्रधान बुधेश्वर सरदार, उदय सरदार, गोपीनाथ सरदार ने गुरुबारी सबर के लिए गांव में बिजली व वन पट्टा देने की मांग उठाई है।

## तीसरे चरण का चुनाव प्रशिक्षण लेकर आत्मविश्वास से भरे दिखे मतदानकर्मी

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में मतदानकर्मियों का तृतीय चरण का प्रशिक्षण जारी है। अब तक 5200 मतदानकर्मियों को अर्थात 1300 पोलिंग पार्टी को चुनाव का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।प्रशिक्षण के तीसरे दिन चालीस– चालीस के समूह में दो हजार अस्सी मतदानकर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।प्रशिक्षण को सुलभ बनाने के लिए पीपीटी का सहारा लिया जा रहा है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशिरंजन ने गुणवत्ता युक्त चुनाव प्रशिक्षण के लिए सख्त निर्देश दिये हैं।वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास



आयुक्त रवि आनंद ने सफल प्रशिक्षण के लिए समुचित प्रबंधन किया है।

जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद,अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह,प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, सहायक सौरभ कुमार व कनीय अभियंता विपिन कुमार पटेल के द्वारा कमरों में घूम–घूम कर शंकाओं का समाधान किया गया।तीसरे चरण के प्रशिक्षण के दौरान मतदानकर्मी अपनी पोलिंग पार्टी के सदस्यों के साथ घूले–मिले तथा आत्मविश्वास से भरे दिखे।वहीं दूसरी ओर इसी परिसर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदानकर्मियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान भी कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए 11 प्रत्याशियों ने किए नामांकन



**लोकतंत्र की आवाज**

**छपरा (सारण)।** सोमवार को 19–महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए कल 11 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों में आकाश कुमार सिंह – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, रवि प्रकाश– निर्दलीय, सत्यदेव राय– निर्दलीय, देवानंद मिश्र– निर्दलीय, अली अज़हर अंसारी– निर्दलीय, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह– एआईएम आईएम, सत्येंद्र प्रसाद – निर्दलीय, मधुसुदन सिंह – बहुजन समाज पार्टी, लालू प्रसाद यादव – निर्दलीय, संतोष कुमार चौबे – निर्दलीय व मनोज ठाकुर – निर्दलीय शामिल रहे।

### जमीनी विवाद में मारपीट में मां बेटा समेत 4 घायल



**लोकतंत्र की आवाज**

**मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के दक्षिण टोला गांव में जमीनी विवाद में मारपीट में मां बेटा समेत 4 शख्स घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया ?। घायल गोपालवाड़ी बेलवारी ब्रहम स्थान गांव निवासी 65 वर्षीय देवतीया देवी, 35 वर्षीय बिनोद राम दूसरे पक्ष से रविन्द्र राम की 35 वर्षीय पत्नी चम्पा देवी, 18 वर्षीय पुत्री बेबी कुमारी हैं। घायलों ने जमीनी विवाद को लेकर मारपीट में घायल होने की बात बताई।

### मिठाई दुकान में हजारों रुपए की चोरी

**लोकतंत्र की आवाज**

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** कनाप रोड हसपुरा में एक मिठाई दुकान में बीती रात चोरी हो गई।इस घटना में अज्ञात चोरों ने बैटरी, मिठाई तथा नगद रुपए समेत हजारों रुपए चुरा ले गए।इसकी जानकारी सुबह में लोगों को हुई।दुकानदार रवि कुमार ने बताया कि चोरों ने दूकान के पीछे से दीवार में सेंधमारी कर घटना का अंजाम दिया।बताया जा रहा है कि इससे पूर्व भी कनाप रोड तीन चार बार तथा बस स्टैंड पर मिठाई की दुकान में चोरी की घटना हो चुकी है। चोरी की घटना से दुकानदार परेशान हैं तथा उनमें आक्रोश है।दुकानदारों ने पेट्रोलिंग बढाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

### मारपीट कर रुपए तथा चेन छीनने की घटना

**लोकतंत्र की आवाज**

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना के फतेहपुर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसके पास से 45 नगद व सोने की चेन छिनने का मामला प्रकाश में आया है।मामले में गांव के प्रेम कुमार ने सोमवार को हसपुरा थाना में लिखित आवेदन दिया है।आवेदन में प्रेम ने गांव के ही लखन महतो, आजाद कुमार समेत पांच लोगों पर आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार प्रेम सोमवार की सुबह झौरी बिगहा से अपने घर फतेहपुर आ रहे थे कि पूर्व से रहे आरोपी हमलावर हो गए।उनके साथ मारपीट कर उनके पास से 45 हजार नगद व सोने की चेन छीन लिए।

### सोशल मीडिया पर अवैध हथियार प्रदर्शन करने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**

**लहलादपुर (सारण)।** जनता बाजार थानाध्यक्ष प्रीति राज के नेतृत्त्व में गठित पुलिस टीम नें दिनांक 6 मई 2024 को सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ प्रदर्शन कर रहे युवक को फोटो की सत्यापन के पश्चात गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार युवक की पहचान जनता बाजार थाना क्षेत्र के ससना गाँव निवासी शत्रुघ्न मांझी के पुत्र विशाल कुमार के रूप में हुई है।जनता बाजार प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार युवक को काण्ड संख्या–75/24, धारा –188 भा०द०वि० एवं 30 आर्म्स एक्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### लोस चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले 33 मतदान कर्मियों पर होगी प्राथमिक दर्ज

**लोकतंत्र की आवाज**

**खगड़िया।** 25 खगड़िया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के 140 हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान के लिए प्रतिनियुक्त किए गये 33 मतदान कर्मियों पर डिस्पैच केंद्र पर योगदान नहीं करने होने लेकर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। यह कार्रवाई जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत की जाएगी। बताते चलें की 5 मई को 25-खगड़िया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के 140-हसनपुर विधान सभा में निर्वाचन हेतु यूआर कॉलेज रोसड़ा में डिस्पैच सेंटर पर सभी मतदान कर्मियों को उपस्थित होना था। यहां पर सभी मतदान कर्मियों का आपस में मिलान होना था व सामग्री वितरण किया जाना था, परंतु 33 मतदान कर्मी प्रतिनियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बावजूद डिस्पैच केंद्र से अनुपस्थित पाए गये। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के द्वारा इसे काफी गंभीरता से लिया गया है। जिला प्रशासन के द्वारा इसे मतदान कार्य में बाधा माना गया है। अनुपस्थित मतदान कर्मियों में 17 पीठासीन पदाधिकारी, 03 प्रथम मतदान पदाधिकारी, 4 द्वितीय मतदान पदाधिकारी तथा 09 तृतीय मतदान पदाधिकारी शामिल हैं।

# नबीनगर: इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ी कार्यकर्ताओं की भीड़

## कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से राजाराम को जीताने की आवाज उठाई

**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रिती पांडेय**

**नबीनगर।** नगर पंचायत के बसंन बिगहा मोड़ स्थित बबलू चंदा मैरेज हॉल में सोमवार को काराकाट लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजाराम के द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में राजाराम एवं मुख्य अतिथि के रूप में राजद विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू उपस्थित रहे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष जगन यादव एवं संचालन भाकपा माले नेता वीरेंद्र मेहता ने किया।

कार्यक्र म के दौरान महागठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र एवं माला पहनकर सम्मानित किया गया।सभा को संबोधित करते हुए काराकाट के महागठबंधन के लोकसभा उम्मीदवार राजाराम सिंह ने कहा कि जिस तरह पेड़ के लिए पानी जरूरी उसी प्रकार पार्टी के लिए कार्यकर्ता जरूरी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता के रीढ होते हैं।कार्यकर्ता गरीब, दलित, शोषित, वंचितो की पार्टी महागठबंधन हैं।कहा कि हम राहुल गांधी के अगुआई में लोकसभा चुनाव लड रहे है।कार्यकर्ताओं को कहा कि




आपके सहयोग से ही काराकाट लोकसभा सभा का विकास संभव है।पार्टी के कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही कोई भी चुनाव जीता जा सकता है।सभा को संबोधित करते हुए नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लु सिंह ने बुथ जीतो चुनाव जीतों का नारा देते हुए कहा कि आप जितना मेहनत करेंगे परिणाम उतना ही अच्छा होगा।

कार्यकर्ताओं से कहा कि आप घर–घर जाकर अपनी पार्टी के मेनिफेस्टो के बारे में बताएं और लोगों से ज्यादा से ज्यादा वोट देकर महागठबंधन प्रत्याशी राजाराम सिंह को भारी मतों से जीता ने का काम करे। कार्यकर्ता सम्मेलन को कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, प्रखंड अध्यक्ष संतन सिंह, वीआईपी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदीश चौधरी, राजद के प्रदेश महासचिव डॉक्टर चंदन यादव ने संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन से काराकाट लोकसभा के प्रत्याशी राजाराम को भारी से भारी मतों से चुनाव जीतने का अपील किया।मौके पर अखिलेश सिंह, पैक्सध्यक्ष सत्येंद्र यादव, मुखिया प्रमोद यादव, मोहम्मद रमजान अली, अशोक मेहता, रामप्रवेश सिंह, माजीद खान, राजद नगर अध्यक्ष संतोष सिंह सैकड़ो की संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नवादा जिले में पिछले सप्ताह कुल 174 गिरफ्तारियां: एसपी




**लोक तंत्र की आवाज़**

**धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**

**नवादा।** कार्तिकेय के शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि विगत सात दिनों के अन्दर (29 अप्रैल से 05 मई 2024 तक) नवादा जिला में पुलिस द्वारा काफी संख्या गिरफ्तारियां की गई हैं, जो निम्नवत हैः– हत्या में 01, डकैती में 03, अनुसूचित जाति/जनजाति में 09, हत्या के प्रयास में 13, पुलिस पर हमला में 02, मद्य निषेध संबंधी पीने के आरोप में 07, अन्य गंभीर आरोप में 15 एवं अन्य गिरफ्तारी 124 कुल 174 गिरफ्तारियां की गई हैं। 1650 लीटर देशी शराब एवं 32.3 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन अन्तर्गत मोटरसाईकिल 17, ट्रैक्टर 20, कार 01, ट्रक 01 एवं जेसीबी 01 बरामद किया गया। आग्नेयास्त्र में देशी कट्टा 01, देशी पिस्टल 02, देशी थारनेट 01 एवं जिंदा कारतूस 09, वाहन चेकिंग में फाईन की कुल राषि 06 लाख 91 हजार 500 रू0 बरामद किया गया।

अन्य बरामदगी अन्तर्गत– मोबाईल–24, ए0टी0एम कार्ड–15, डाटा सीट–04, फर्जी सीम–30, मेमोरी कार्ड–01, मोबाईल चार्जर पीन–01 पैकेट, लेपटॉप–02, चेकबुक–03, पासबुक–03, पैन ड्राईव–03, ओ0टी0जी0–05, फीगंर स्कैनर–04, स्टैप मैकिंग मषीन–01, नकली फिगंर प्रिंट–255, नगद–93,200 रूपये, अपहता–01 बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रूर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने हेतू लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है। इसकी जानकारीडीपीआरओ नवादा ने दी।

### हरिहरपुर में मजदूर का शव पहुंचते ही मचा कोहराम

**लोकतंत्र की आवाज**

**समस्तीपुर।** कल्याणपुर प्रखंड के तहत मधुरापुर पंचायत के हरिहरपुर वार्ड एक निवासी एक मजदूर जो हिमाचल के शिमला में मजदूरी करता था उसकी अचानक ट्रक से सामान उतारने के क्रम में ट्रक से गिरने के क्रम में गंभीर जख्मी हो गया। वही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शिमला से मजदूर का शव आते ही सोमवार को गांव में कोहराम मच गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पंचायत राज की मुखिया राधा देवी ने बताया कि बिगत डेढ़ वर्ष पूर्व बिहारी सहनी के पुत्र रामबाबू सहनी परिवार चलाने को लेकर रोजी – रोटी के ख्याल से शिमला गये थे, वैसे पूर्व से ही वह वहां मजदूरी करता था। प्रदेश जाने के बाद घर नहीं लौटा था। इसी क्रम में उसकी दुर्घटना में मौत हो गई। इधर इस घटना को लेकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

# तीसरी बार नबीनगर प्रखंड के उप प्रमुख बने लव

**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रिती पांडेय**

**नबीनगर, औरंगाबाद।** प्रखंड कार्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन सभागार में सोमवार को उप प्रमुख के निर्वाचन को लेकर प्रेक्षक सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह के द्वारा शांति पूर्ण तरीके से उप प्रमुख का मतदान संपन्न कराया। मतदान में 35 पंचायत समिति सदस्यों में से 32 पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया। उप प्रमुख पद के लिए लव कुमार सिंह एवं इंदू देवी ने नामांकन दाखिल किया।मतदान में लव कुमार सिंह को 22 मत एवं इंदू देवी को 9 मत प्राप्त हुए तथा एक मत रद्द हुआ।

अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा निर्वाचित उप प्रमुख लव कुमार सिंह को प्रमाण पत्र देते हुए शपथ दिलाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड कार्यालय की लचर व्यवस्था को देख



कार्यालय के बडा बाबू को कड़ी फटकार लगाया गया। उप प्रमुख पद की शपथ लेते हुए लव कुमार सिंह ने कहा कि प्रमुख एवं उप प्रमुख के नाम पर कटने वाले कमिशन को बंद किया जाएगा।दो वर्षो के कार्यकाल में प्रखंड में केवल लूट खसोट हुआ है।प्रखंड कार्यालय में गरीबों का पैसा खाने वाले को अब हिसाब देना होगा।उप प्रमुख ने कहा कि 2 वर्षों में किए गए कार्यों का प्रमुख एवं बीपीआरओ को हिसाब देना होगा। मौके पर प्रमुख चित्रा कुमारी, संजीव कुमार सिंह, मुंगिया पंचायत के मुखिया जयप्रकाश सिंह, शशांक राज उर्फ प्रिंस, मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह उर्फ पिंटू, मुखिया प्रतिनिधि विजय सिंह, पूर्व उप प्रमुख राजेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया प्रिंस प्रताप सिंह, चंद्रगढ़ पंचायत के मुखिया अमोद सिंह चंद्रवंशी, अरुण कुमार सिंह, आत्मा अध्यक्ष उदय कुमार सिंह, रजनीश कुमार, पंचायत समिति सदस्य रामकुमार, चंदन सिंह, संतोष कुमार, अनुज चंद्रवंशी, सुजीत सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### 50 हजार से अधिक नकदी लेकर चले तो देना होगा हिसाब जांच टीम चला रही अभियान

**लोकतंत्र की आवाज**

**मशरक/सारण (धर्मेन्द्र पाण्डेय)।** लोकसभा चुनाव में मशरक से गुजर रही छपरा मशरक एस एच 90 पर महाराणा प्रताप चौंक और एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर बसोही पुलिस चेकपोस्ट व लखनपुर गोलम्बर पर विशेष टीमें निगरानी के लिए लगाई गईं हैं, जो आने जाने वालें छोटे बड़े सभी वाहनों की चेकिंग समेत रुपये लाने ले जाने की भी चेकिंग कर रही हैं।

50 हजार या इससे अधिक नकदी लेकर चल रहे हैं तो आपको यह बताना होगा कि यह राशि कहां से मिली। बैंक से निकाली है या फिर किसने दी। इसके दस्तावेज न दिखाने पर टीम आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों के तहत नकदी जब्त कर लेगी।

अंचलाधिकारी सुमंत कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर मशरक प्रखंड क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौंक और सिवान सारण के बोर्डर पर बंसोही व सारण गोपालगंज के सीमा पर लखनपुर गोलम्बर पर विशेष चेकिंग अभियान के लिए टीमें लगाई गयी हैं। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी मुस्तैद है।

# कलश यात्रा के साथ दो दिवसीय अखंड अष्टयाम शुरू

**लोकतंत्र की आवाज**

**मशरक/सारण (धर्मेन्द्र पाण्डेय)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के हनुमानगंज गांव में दो दिवसीय अखंड अष्टयाम भव्य कलशयात्रा से शुभारम्भ हुआ। कलशयात्रा महावीर मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के बाद गांव का भ्रमण करते हुए गांव के बाहर छठ घाट पर पहुचा जहां आचार्य रंजन ओझा ने यजमान संदीप कुमार और धर्मपत्नी कुसुम देवी की मौजूदगी में कलश में जल बोझी कराई।

मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव, नईमुद्दीन, देव कुमार पंडित, उमेश प्रसाद, अमित मौर्य, तुसार कुमार, मुकेश प्रसाद, मनोज प्रसाद, विशाल कुमार,



अरविंद पासवान, केदार महंतों समेत अन्य मौजूद रहें। पुनः कलशयात्रा गांव का भ्रमण करते हैं महावीर मंदिर परिसर पहुंची जहां दो दिवसीय अखंड अष्टयाम का शुभारंभ कराया गया। जहा हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे के धुन से गांव का माहौल भक्तिमय हो गया है।

# गजनाधाम मंदिर में माथा टेक पवन ने किया चुनाव प्रचार का आगाज

**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रिती पांडेय**

**नबीनगर, औरंगाबाद।** काराकाट लोक सभा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी पवन सिंह ने सोमवार को नबीनगर प्रखंड के गजना धाम मंदिर में माता गजना की पूजा अर्चना कर अपनी प्रचार अभियान का आगाज किया। गजना धाम मंदिर में पूजा अर्चना करने एवं माता का आशीर्वाद लेने के बाद पवन सिंह के द्वारा काराकाट लोक सभा क्षेत्र के दरमी कला, मैगरा, सिमरी, सिंहपुर, मायापुर, चंद्रगढ, खरौंदा, कर्मा, ब ारा समेत दर्जनों गांव में घुम घुमकर कर जनसंपर्क कर लोगो से आशीर्वाद लिया। जनसंपर्क के दौरान पवन सिंह ने लोगों से वोट देकर जीताने का अपील किया।





कहा की पवन सिंह अगर चुनाव जीत भी जाता है तो आपका बेटा आपका भाई बनकर आपके पास आएगा। पवन सिंह ने कहा कि आप लोगों ने पवन को गायक बनाया फिर नायक बनाया और नेता भी आप ही लोग बनाएंगे।जनसंपर्क के दौरान लोगों ने पवन सिंह को फुल माला एवं चांदी के मुकुट पहनाकर किया स्वागत किया।चुनाव प्रचार के दौरान बीच रास्ते में पवन सिंह का तबीयत खराब हो गया जिससे कि पवन सिंह जनसंपर्क अभियान को अधूरा छोड़कर वापस लौट गए। नबीनगर मंडल के प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि अधूरे पड़े जनसंपर्क को दूसरे बार के दौरा में पूरा किया जाएगा।मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद योगिंद्र सिंह नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र रजक, यशवंत सिंह, मुकेश कुमार सिंह, बिरेंद्र सिंह, रिंकू सिंह, अरुण मेहता, मिथिलेश चंद्रवंशी, लल्लू सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# टीम तेजस्वी में है डॉक्टर राकेश रोशन, राजद के प्रति शुरु से हीं है समर्पित, दो घंटे मुफ्त देते हैं चिकित्सीय परामर्श

**लोकतंत्र की आवाज**

**पटना।** बिहार प्रदेश युवा राजद के प्रदेश महासचिव डॉक्टर राकेश रोशन किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं।नरपतगंज प्रखंड के जमींदार फैमिली से आने वाले डॉक्टर राकेश रोशन नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक दयानंद यादव के छोटे सुपुत्र हैं। समाजसेवा की क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर भूमिका निभाने वाले युवा दिलों के धड़कन डॉक्टर राकेश रोशन बाढ़ हो या आपदा अपनी हैसियत से बढ़ कर सेवा करने से चूकते नहीं हैं।

**टीम तेजस्वी में है डॉक्टर राकेश रोशनः** सभी मामले में परिपूर्ण डा. राकेश रोशन बिहार प्रदेश युवा राजद के प्रदेश महासचिव हैं। राजद के मेनिफेस्टो को समाज के बीच जाकर बताना उनके दिनचर्या में शामिल है।लोकसभा चुनाव के दौरान



नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र में इनका जनसंपर्क अभियान और चुनावी सभा में इनकी शिरकत चर्चा बनी रही।टीम तेजस्वी में है डॉक्टर राकेश रोशन के कार्य की सराहना हुई। इनका मेहनत चुनाव परिणाम आने पर बयां होगा।

**डॉ. राकेश ने जारी किया अपना फोन नम्बरः** डॉक्टर राकेश रोशन जन सेवा में डटे रहते हैं। उनकी पत्नी भी चिकित्सक है।नरपतगंज के रामघाट निवासी डा.रोशन लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए अपना चलभाष नंबर जारी कर दिया है। 9122666660 नंबर पर रोज सुबह 8 से 10 बजे तक उनसे निः शुल्क सलाह ले सकते हैं ।डॉ. राकेश रौशन ने बताया कि अगर लोग बात नहीं कर पाते हैं तो मेरे नंबर पर वाट्सएप कर समस्या बता सकते हैं।वे हमेशा ही लोगों की मदद के लिए आगे आते हैं.


लोकतंत्र की आवाज

स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।